दैनिक नवयत्न

केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018

खबरें सड़क से संसद तक

वर्ष: 17 | अंक 56 | सीकर, गुरूवार 23 अप्रेल 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8

# लेफ्टिनेंट जनरल सगत सिंह राठौड़ की मूर्ति का हुआ अनावरण

# राजस्थान वीरों एवं रणबांकुरों की धरती : सीएम शर्मा

## लेफ्टिनेंट जनरल की प्रतिमा अनावरण से नौजवानों को नई दिशा मिलेगी : बिरला

## सगत सिंह का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत : माथुर

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान वीरों एवं रणबांकुरों की धरती है। यहां के सपूतों ने अनेक युद्धों में वीरता एवं शौर्य का परिचय दिया है। उन्होंने लेफ्टिनेंट जनरल सगत सिंह राठौड़ को नमन करते हुए कहा कि वीर भूमि के इस सपूत ने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व समर्पण कर साहस का अप्रतिम उदाहरण पेश किया। उन्होंने कहा कि इन युगपुरूषों से युवाओं को दिशा मिलती है तथा इनकी शौर्य गाथाएं आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देने का काम करेगी। शर्मा बुधवार को चूरू में आयोजित लेफ्टिनेंट जनरल सगत सिंह राठौड़ के मूर्ति अनावरण एवं शौर्य के साथ संकल्प दिवस कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लेफ्टिनेंट जनरल सगत सिंह ने 19 साल की उम्र में बीकानेर रियासत की सेना में सैन्य जीवन से शुरूआत की। उन्होंने भारत के पहले हेलीकॉप्टर सैन्य अभियान सहित कई सफल नवाचार भी किए। भारत-चीन युद्ध और बांग्लादेश मुक्त करने के संघर्ष में उनका योगदान युवाओं को साहस और युद्ध कौशल की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने पद्म भूषण और परम विशिष्ट सेवा मेडल से सम्मानित लेफ्टिनेंट जनरल सगत सिंह राठौड़ के सम्मान में चूरू स्टेडियम का नाम सगत सिंह राठौड़ स्टेडियम किया है।





### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर केन्द्रीय कृषि राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत, विश्वकर्मा कौशल विकास बोर्ड के अध्यक्ष रामगोपाल सुथार, राजस्थान राज्य अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास आयोग के अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार नायक, पैरालिंपिक कमेटी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष देवेन्द्र झाझड़िया, विधायक हरलाल सहारण, पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवां, पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुभाष महरिया, पूर्व मंत्री खेमाराम मेघवाल, पूर्व मंत्री जयदीप डूडी, पूर्व विधायक अभिनेष महर्षि, पूर्व जिला प्रमुख वंदना आर्य, वासुदेव चावला, बसंत शर्मा, चंद्राराम गुरी, संतोष मेघवाल, सुमित्रा पूनिया, चांद कंवर राठौड़, पराक्रम राठौड़ सहित विभिन्न जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

### हेलीपैड पर किया स्वागत

कार्यक्रम से पहले मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, सिक्किम राज्यपाल ओम माथुर के चूरू पहुंचने पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग मंत्री व चूरू जिला प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत, पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, चूरू विधायक हरलाल सहारण, संभागीय आयुक्त विश्राम मीना, आईजी ओमप्रकाश, जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा, एसपी निश्चय प्रसाद एम, वासुदेव चावला, बसंत शर्मा, धर्मवीर पुजारी सहित अन्य ने स्वागत किया।



### प्रधानमंत्री ने मेक इन इंडिया से सेना के आधुनिकीकरण पर दिया बल

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजनीतिक स्वार्थ के कारण सेना के बलिदान की अनदेखी कर वन रैंक वन पेंशन को दशकों तक लटकाए रखा गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसे लागू कर भूतपूर्व सैनिकों को सम्मान दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में मेक इन इंडिया के माध्यम से सेना के आधुनिकीकरण पर बल दिए जाने से भारतीय सेना का विश्व में मान बढ़ा है। प्रधानमंत्री ने युवाओं को विकास से जोड़ा और सशस्त्र बलों की अनुशासित कार्यवाही से नक्सलवाद की समस्या का समाधान हो गया है। शर्मा ने कहा कि हमारी डबल इंजन की सरकार पिछले सवा दो साल में प्रदेश के विकास का रोडमैप बनाकर काम कर रही है। संकल्प पत्र के 74 प्रतिशत वादे पूरे कर लिए गए हैं तथा संकल्प पत्र में किए गए सभी वादों को पूरा किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि पानी की उपलब्धता बढ़ाने के लिए ईआरसीपी, यमुना जल समझौता, इंदिरा गांधी नहर, देवास, माही, ब्राह्मणी सहित विभिन्न परियोजनाओं पर भी तेजी से कार्य किया जा रहा है। यमुना जल समझौते से शेखावाटी को पर्याप्त मात्रा में जल की आपूर्ति होगी जो इस क्षेत्र की तस्वीर और तकदीर बदल देगी। उन्होंने पूर्व विधायक राजेन्द्र राठौड़ को जन्मदिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि लेफ्टिनेंट जनरल सगत सिंह राठौड़ ने भारत-चीन युद्ध में अदम्य शौर्य, वीरता एवं अदम्य साहस दिखाया। शेखावाटी की धरती पर पैदा हुए इस अजेय योद्धा ने देश की सेवा का संकल्प लिया। इन्होंने गोवा मुक्ति संग्राम में भी योगदान दिया। उन्होंने कहा कि लेफ्टिनेंट जनरल की प्रतिमा अनावरण से नौजवानों को नई दिशा मिलेगी एवं आगामी पीढ़ी इससे प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभाएगी।

सिक्किम के राज्यपाल ओम माथुर ने लेफ्टिनेंट जनरल सगत सिंह राठौड़ के बलिदान एवं साहस का जिक्र करते हुए कहा कि भारत-चीन युद्ध में नाथूला बॉर्डर पर उन्होंने दुश्मनों से डटकर मुकाबला किया। उन्होंने आजाद भारत की सेना में विभिन्न पदों पर अपना कौशल सिद्ध किया। चूरू में जन्मे सिंह का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि उनके साहसिक सैन्य अभियान के कारण सिक्किम की जनता 11 सितम्बर को नाथूला विजय दिवस मनाती है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने लेफ्टिनेंट जनरल सगत सिंह राठौड़ के मूर्ति अनावरण एवं उनकी जीवनी पर आधारित शिलापट का अवलोकन किया। उन्होंने वॉर मेमोरियल का उद्घाटन भी किया। इस दौरान केन्द्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग मंत्री व चूरू जिला प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत ने भी विचार किए।

पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने कहा कि हम सभी ने मिलकर चूरू व राजस्थान को अग्रणी बनाने का संकल्प लिया है। प्रदेश की डबल इंजन सरकार के प्रयासों से यमुना जल समझौते के माध्यम से चूरू सहित शेखावाटी की धरती तक यमुना का पानी लाया जा रहा है। हमारी सरकार के प्रयासों से हर घर पेयजल कनेक्शन, चूरू में एलिवेटेड रोड, झींगा पालन किसानों को सस्ती दर पर बिजली और शेखावाटी की समृद्ध विरासत को संजोया जा रहा है। उन्होंने कहा कि चूरू में लेफ्टिनेंट जनरल सगत सिंह की प्रतिमा का अनावरण इतिहास के स्वर्णिम पन्नों में लिखा जाएगा। चूरू विधायक हरलाल सहारण ने अतिथियों का स्वागत करते हुए प्रदेश सरकार के प्रयासों से जिले में विकास कार्यों की जानकारी दी।

#### सैनिक कल्याण के लिए निरन्तर हो रहे कार्य

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार सैनिक कल्याण के लिए सजग होकर निरन्तर कार्य कर रही है। डीडवाना-कुचामन में राजस्थान के पहले एकीकृत सैनिक कल्याण परिसर की स्थापना की तथा नवीन जिला सैनिक कल्याण कार्यालय खोले जा रहे हैं। साथ ही आरटीडीसी के सभी होटलों और गेस्ट हाउसों में वीरांगनाओं को 50 प्रतिशत और सेवारत एवं पूर्व सैनिकों को 25 प्रतिशत की छूट का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि विभिन्न विभागों में राजस्थान एक्स सर्विसमेन कॉर्पोरेशन के जरिए कार्यरत पूर्व सैनिकों के मानदेय वृद्धि, द्वितीय विश्व युद्ध के पूर्व सैनिकों को मिलने वाली पेंशन में बढ़ोतरी, पुलिस, जेल गार्ड, अग्निशमन सहित कई सेवाओं में अग्निवीरों के लिए आरक्षण सहित विभिन्न कदम सैनिक हित में उठाए गए हैं।

---

## अंतरजातीय विवाह प्रोत्साहन राशि की सौदेबाजी में दो सरकारी कर्मचारी और दलाल गिरफ्तार



निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो एसीबी की चूरू इकाई ने बुधवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के दो कर्मचारियों और एक निजी दलाल को 15 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी राज्य सरकार की डॉ. सविता बेन अम्बेडकर अंतरजातीय विवाह प्रोत्साहन योजना के तहत मिलने वाली सहायता राशि दिलाने के नाम पर परिवादी से कमीशन वसूल रहे थे। एसीबी महानिदेशक गोविन्द गुप्ता ने बताया कि परिवादी ने शिकायत दी थी कि अंतरजातीय विवाह के तहत उसे राज्य सरकार से 10 लाख रुपए की सहायता मिलनी थी। योजना की पहली किस्त 2.5 लाख रुपए जारी होने के बाद दूसरी किस्त दिलाने के नाम पर आरोपियों ने 35 हजार रुपए की रिश्वत मांगी। इस मामले में विजय खैरीवाल सहायक प्रोग्रामर, कुलदीप आलडिया वरिष्ठ सहायक और निजी व्यक्ति बलवीर बिग्गा शामिल थे, जो मिलकर यह वसूली कर रहे थे। एसीबी बीकानेर के उप महानिरीक्षक भुवन भूषण यादव के सुपरविजन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महावीर प्रसाद शर्मा के नेतृत्व में टीम ने ट्रैप कार्रवाई को अंजाम दिया। योजनाबद्ध तरीके से जाल बिछाकर टीम ने बलवीर बिग्गा को परिवादी से 15 हजार रुपए लेते हुए दबोच लिया। तलाशी में रिश्वत की राशि उसकी पेंट की जेब से बरामद हुई। जांच में सामने आया कि आरोपियों ने सत्यापन के दौरान 15 अप्रैल को ही 20 हजार रुपए की रिश्वत ले ली थी। शेष 15 हजार रुपए लेते समय एसीबी ने कार्रवाई कर उन्हें पकड़ लिया। एसीबी ने मौके पर ही विजय खैरीवाल, कुलदीप आलडिया और बलवीर बिग्गा को गिरफ्तार कर लिया। एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक स्मिता श्रीवास्तव के निर्देशन में आरोपियों से पूछताछ जारी है। अब आरोपियों के आवास व अन्य ठिकानों पर तलाशी की कार्रवाई की जा रही है।

## एसएस मोदी में ऑपरेशन गरिमा कार्यक्रम आयोजित


सुरेन्द्र शर्मा

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** जिला मुख्यालय स्थित एस एस मोदी विद्या विहार में कार्यालय पुलिस अधीक्षक जिला झुंझुनू के आदेश क्रमांक 313-16 निर्देशानुसार बुधवार को कालिका टीम की महिला पुलिसकर्मियों द्वारा ऑपरेशन गरिमा के तहत बालिकाओं को असामाजिक तत्वों, मनचलों द्वारा किए जाने वाले अभद्र व्यवहार व पोस्को अपराध जैसी घटनाओं की रोकथाम के लिए किए जाने वाले प्रयासों की जानकारी साझा की गई।

इस कार्यक्रम में लगभग 250 छात्राओं सहित स्टाफ उपस्थित रहा। टीम ऑपरेशन गरिमा के तहत छात्राओं और महिलाओं से संबंधित नवीन कानून की जानकारी के साथ-साथ विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी के बारे में बताया गया। छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर (स्किल), गुड टच, बैड टच और साइबर क्राइम के बारे में जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में कालिका पेट्रोलिंग टीम की सदस्य सरोज, बबीता, कमला, राजेश, निशा एवं मंजू उपस्थित रहे। इसी श्रृंखला में बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर, गर्भाशय ग्रीवा का कैंसर जैसी गंभीर बीमारी की जानकारी सरोज कुमारी जीएनएम, मंजु पूनिया एएनएम और डॉ अमित जाँगिड़ ने दी। उन्होंने सरकार द्वारा निःशुल्क लगाये जा रहे एचपीवी वैक्सीन के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि अगर बालिकाओं को समय पर यह टीका लगवा दिया जाए तो इस गंभीर बीमारी से लाइफ लॉन्ग प्रोटेक्शन मिल सकता है। इस सेमिनार का मुख्य उद्देश्य स्वच्छता, स्वास्थ्य और विशेष रूप से किशोरियों में मासिक धर्म के प्रति जगरूकता बढ़ाना है और छात्राओं को साफ-सफाई और सम्मानजनक जीवन जीने के लिए प्रेरित करना है। एस एस मोदी परिवार की ओर से अनिल शर्मा व मीना आर्य ने आभार व्यक्त किया और अपेक्षा की कि भविष्य में भी आप सब इसी तरह के जागरूकता कार्यक्रम कर छात्राओं और महिलाओं को जागृत करते रहेंगे। मुम्बई प्रवासी ट्रस्टी शशिकान्त मोदी, ऋषि बराषिया, गीलूराम मोदी, विद्यालय समन्वयक मनीष अग्रवाल, अकादमिक निदेशक रॉय सी पॉल व प्राचार्य विजय मसीह ने बालिकाओं को आत्मरक्षा व उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ प्रेषित की।



### कोबरी-सार




## नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर सियासत तेज, बिल गिरने की जिम्मेदार विपक्ष : अहलावत

संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** सर्किट हाउस में बुधवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित प्रेस वार्ता में नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2026 को लेकर सियासी माहौल गरमा गया। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित पूर्व सांसद संतोष अहलावत ने बिल के पारित ना हो पाने का पूरा ठीकरा विपक्षी दलों पर फोड़ते हुए तीखा हमला बोला। अहलावत ने कहा कि यदि यह ऐतिहासिक बिल पास हो जाता तो इसका लाभ केवल भाजपा ही नहीं बल्कि विपक्षी दलों की महिलाओं को भी मिलता लेकिन विपक्ष की नकारात्मक राजनीति के चलते यह अवसर हाथ से निकल गया। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष नहीं चाहता कि देश की आधी आबादी महिला वर्ग को सशक्त बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएं। उन्होंने कहा भारतीय जनता पार्टी ने हमेशा महिलाओं को आगे बढ़ाने का काम किया है। झुंझुनू जिले में ही इसका उदाहरण सामने है, जहां आज जिलाध्यक्ष के पद पर महिला नेतृत्व कर रही है। मुझे भी लोकसभा में भेजने वाली ताकत महिलाओं की ही रही है। अहलावत ने कांग्रेस पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि इस बिल के गिरने से उनकी मानसिकता उजागर हो गई है। यह स्पष्ट हो गया है कि कांग्रेस महिलाओं के सशक्तिकरण को लेकर गंभीर नहीं है। प्रेस वार्ता में यह भी दावा किया गया कि बिल के गिरने से देशभर की महिलाओं में मायूसी और विपक्षी दलों के प्रति नाराजगी का माहौल है। भाजपा नेताओं ने इसे महिला अधिकारों के साथ राजनीतिक खिलवाड़ करार दिया। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष हर्षिनी कुलहरि ने भी कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि उनका मानसिक संतुलन बिगड़ चुका है और उनका राजनीतिक स्तर लगातार गिरता जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि देशहित में आने वाले हर महत्वपूर्ण बिल का विपक्ष द्वारा विरोध किया जाता है। कुलहरि ने कहा कि यदि यह बिल पारित हो जाता, तो देशभर की महिलाओं को इसका सीधा लाभ मिलता और उन्हें हर क्षेत्र में पुरुषों के बराबर कदम से कदम मिलाकर चलने का अवसर प्राप्त होता। इस मौके पर प्रदेश महामंत्री महिला मोर्चा अरुणा सिहाग, किरण चौधरी, लोकेश मील, रवि लाम्बा नगर महामंत्री, दीपक स्वामी ओबीसी मोर्चा नगर अध्यक्ष, ललित जोशी जिला मीडिया प्रभारी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं महिला शक्ति उपस्थित रही।



# सदगुरु टेऊँराम चौथ पर्व पर हुआ ब्रह्मदर्शनी पाठ



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** श्री अमरापुर स्थान में बुधवार को आचार्यश्री सदगुरु स्वामी टेऊँराम महाराज का मासिक जन्मोत्सव चौथ पर्व श्रद्धा और भक्ति भाव से मनाया गया। सुबह मंगला दर्शन से शुरू हुए कार्यक्रम देर रात तक चले और दिनभर भक्तों का तांता लगा रहा। सायंकाल महिला मंडल ने चालीसा पाठ किया जबकि संत-महात्माओं ने संगीतमय ब्रह्मदर्शनी पाठ प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। स्वामी मोहन प्रकाश महाराज ने बताया कि प्रेम प्रकाश ग्रंथ का ब्रह्मदर्शनी भाग आत्मिक शांति प्रदान करता है और इसकी वाणी को पाठ्यक्रम में शामिल किया जाना चाहिए। कार्यक्रम में संतों द्वारा भजन-कीर्तन और आध्यात्मिक वाणी का गायन किया गया। सायं आरती के बाद 56 व्यंजनों का भोग अर्पित किया गया और प्रसाद वितरित हुआ। भीषण गर्मी के बीच श्रद्धालुओं के लिए छाछ, शर्बत सहित शीतल पेय और भोजन की व्यवस्था की गई। जयपुर सहित विभिन्न जिलों और गुजरात से भी श्रद्धालु पहुंचे। पूरे दिन परिसर में भक्ति और आस्था का वातावरण बना रहा।

## राजधानी में वीवीआईपी आगमन पर 25 अप्रैल को नो-ड्रोन जोन घोषित

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी में 25 अप्रैल को प्रस्तावित अतिविशिष्ट व्यक्ति (वीवीआईपी) के दौरे को देखते हुए जयपुर पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की चूक की आशंका को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था डॉ राजीव पचार ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर शहर के कई हिस्सों को अस्थाई रेड जोन (नो-ड्रोन जोन) घोषित किया है। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था डॉ राजीव पचार आदेश के अनुसार वीवीआईपी के महाराणा प्रताप ऑडिटोरियम जेएलएन मार्ग और राजस्थान विश्वविद्यालय के कन्वोकेशन सेंटर में आयोजित कार्यक्रमों के मद्देनजर सांगानेर एयरपोर्ट, जवाहर सर्किल, मालवीय नगर, बजाज नगर, गांधी नगर, मोती डूंगरी और जवाहर नगर थाना क्षेत्रों में ड्रोन उड़ाना पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। यह प्रतिबंधात्मक आदेश 25 अप्रैल 2026 को प्रातः 6 बजे से सायं 5 बजे तक प्रभावी रहेगा। इस अवधि के दौरान इन 8 थाना क्षेत्रों की सीमा में किसी भी प्रकार के निजी या व्यावसायिक ड्रोन उड़ाने की अनुमति नहीं होगी। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त डॉ राजीव पचार ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार वीवीआईपी की सुरक्षा सुनिश्चित करना नितांत आवश्यक है। ड्रोन से सुरक्षा व्यवस्था प्रभावित होने की संभावना को देखते हुए यह कदम उठाया गया है। यदि कोई व्यक्ति इस आदेश का उल्लंघन करता पाया गया तो उसके विरुद्ध कानून की सुसंगत धाराओं के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस आयुक्तालय ने सभी नागरिकों और ड्रोन ऑपरेटरों को इस आदेश की पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। परिस्थितियों की गंभीरता को देखते हुए यह आदेश एक पक्षीय रूप से जारी किया गया है।

## सीएचओ भर्ती-2020 पेपर लीक : एक आरोपी गिरफ्तार

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान में संविदा सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी भर्ती परीक्षा-2020 के पेपर लीक मामले में स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप ने इस संगठित गिरोह के सक्रिय सदस्य गणपत लाल मालवाड़ा निवासी जालौर को गिरफ्तार किया है। आरोपी मुख्य सूत्रधार भूपेन्द्र सारण का करीबी सहयोगी रहा है और पेपर लीक की साजिश में उसकी महत्वपूर्ण भूमिका थी। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एसओजी विशाल बंसल ने बताया कि 10 नवंबर 2020 को आयोजित हुई सीएचओ भर्ती परीक्षा के दौरान जयपुर के निवारू रोड स्थित जागृति विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल को केंद्र बनाया गया था। जांच में सामने आया कि गिरोह ने स्कूल के स्ट्रोंग रूम से अप्रयुक्त प्रश्न-पत्रों की सील खोलकर पेपर लीक किया था। परीक्षा से मात्र दो घंटे पहले प्रश्न-पत्र हासिल कर उसे सॉल्वर टीम से हल करवाया गया और फिर अभ्यर्थियों को उपलब्ध कराया गया। इस मामले में एसओजी अब तक कुल 20 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है, जिनमें स्कूल संचालक धीरज शर्मा, मुकेश बाना, बलवीर सुण्डा, भूपेन्द्र सारण और शेर सिंह मीणा जैसे बड़े नाम शामिल हैं। गणपत लाल इस मामले में गिरफ्तार होने वाला 21वां आरोपी है। पूछताछ में सामने आया है कि गणपत लाल ने न केवल भूपेन्द्र सारण को सहयोग किया बल्कि पेपर लीक के माध्यम से अभ्यर्थियों को संगठित रूप से एकत्रित करने और उन्हें लाभ पहुँचाने में भी शामिल रहा। एसओजी अब आरोपी से इस गिरोह के अन्य नेटवर्क और वित्तीय लेनदेन के बारे में गहन पूछताछ कर रही है। पुलिस को उम्मीद है कि गणपत से पूछताछ में भर्ती परीक्षाओं में सक्रिय अन्य गुर्गों के बारे में भी महत्वपूर्ण सुराग मिल सकते हैं।

## लेखिका उषा दशोरा की फिल्म नई दिल्ली फिल्म फेस्टिवल में

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर की प्रख्यात कथाकार एवं फिल्म निर्देशक ऊषा दशोरा की फिल्म मैंने कभी चिड़िया नहीं देखी का चयन नई दिल्ली में आयोजित होने वाले 15वें दिल्ली इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल-2026 के लिए किया गया है। यह प्रतिष्ठित आयोजन भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के सहयोग से 4 से 8 मई तक इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र और डॉ आंबेडकर अंतर्राष्ट्रीय केंद्र में आयोजित होगा। हिंदी और राजस्थानी भाषा में निर्मित लगभग सत्तर मिनट की इस फिल्म की पटकथा और निर्देशन स्वयं ऊषा दशोरा ने किया है। फिल्म का विषय बाल मनोविज्ञान और पर्यावरण चेतना पर केंद्रित है, जिसमें बच्चों के मन में पक्षियों, प्रकृति और धरती के प्रति जिज्ञासा, संवेदनशीलता और एक तरह की बेचैनी को प्रभावशाली ढंग से उकेरा गया है। निदेशक ऊषा दशोरा के अनुसार यह फिल्म केवल एक कहानी नहीं बल्कि बच्चों के भीतर प्रकृति से दूर होते संबंधों पर एक गंभीर प्रश्न भी खड़ा करती है। उनका मानना है कि इस चयन से न केवल फिल्म की पूरी टीम को उत्साह मिलेगा बल्कि क्षेत्रीय सिनेमा विशेष रूप से राजस्थानी फिल्म जगत को भी नई पहचान और प्रोत्साहन प्राप्त होगा। यह चयन जयपुर और राजस्थान के रचनात्मक परिदृश्य के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।

# खेतड़ी कॉपर कॉम्प्लेक्स द्वारा स्वास्थ्य शिविरों का सफल आयोजन

## करीब 1570 लोगों ने उठाया लाभ

निसं



**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड की खेतड़ी कॉपर कॉम्प्लेक्स इकाई ने आम जन के स्वास्थ्य को देखते हाल ही में कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व योजना के अंतर्गत क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाने हेतु विभिन्न स्थानों पर स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया। केसीसी कार्यपालक निदेशक जीडी गुप्ता ने बताया कि सीएसआर योजना के तहत केसीसी अस्पताल सहित आस-पास के गांव मानोता, गोठड़ा ग्राम पंचायत के डॉ विकास खुराना अस्पताल, गोठड़ा ग्राम पंचायत, नानूवाली बावड़ी, धर्मदड़ा आदि गांवों में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाए गए। शिविरों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीमों द्वारा करीब 16 सौ मरीजों की निःशुल्क जांच एवं परामर्श दिया गया। साथ ही रक्त जांच सहित विभिन्न प्रकार की जांच सुविधाएं मुफ्त उपलब्ध कराई तथा निःशुल्क दवा वितरित की गई। इसी प्रकार विशेष नेत्र जांच शिविर लगाया गया जिसमें आंखों की जांच कर आवश्यक दवाईयां एवं निकट दृष्टिचश्मे वितरित किए गए, 20 जनों के पीसीआईओएल तकनीक से मोतियाबिंद ऑपरेशन किए गए, जिससे मरीजों की दृष्टि में उल्लेखनीय सुधार हुआ। उन्होंने बताया कि यह पहल एचसीएल की सामुदायिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने, स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने एवं क्षेत्र के सतत सामाजिक विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उन्होंने बताया कि आमजन को हर दवा एक छत के नीचे ही मिले इसके लिए प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र योजना के तहत केसीसी एवं कोलिहान में जन औषधि केंद्र स्थापित किए गए हैं जिनका लाभ ठेकाकर्मी, उनके आश्रित एवं क्षेत्रवासियों को निःशुल्क मिल रहा है।

### एचसीएल ने महावीर कैंसर हॉस्पिटल को 29 लाख रूपए की दी सहायता

आज के समय में सबसे बड़ी व सबसे महंगी बिमारी कैंसर की, जिसका समय पर उपचार नहीं मिल पाने के कारण लोगों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ रहा है, एचसीएल ने क्षेत्रवासियों को समय पर सही उपचार मिल सके इसके लिए एचसीएल द्वारा हाल ही में भगवान महावीर कैंसर हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर, जयपुर को माइक्रोवेव एबलेशन टेक्नोलॉजी की अत्याधुनिक मशीन स्थापित करने हेतु 29 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। एचसीएल के चेयरमैन सह प्रबंध निदेशक संजीव कुमार सिंह ने भगवान महावीर कैंसर हॉस्पिटल के प्रबंधन को 29 लाख का चेक भेंट किया। इस अवसर पर एचसीएल के निदेशक प्रचालन एवं अतिरिक्त प्रभार माइंस डॉ संजीव कुमार सिन्हा, कार्यपालक निदेशक केसीसी एवं इकाई प्रमुख घनश्याम दास गुप्ता एवं उपमहाप्रबंधक मानव संसाधन, संजय कुमार शिवदर्शी एवं अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# अर्थशास्त्र में निकिता कसवां का परचम, राज्य में 7वां स्थान




बाबूलाल वर्मा

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित कॉलेज शिक्षा विभाग की सहायक आचार्य अर्थशास्त्र परीक्षा में निकिता कसवां ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जनरल कैटेगरी में पूरे राजस्थान में 7वीं रैंक हासिल की है। निकिता के पिता नेकीराम कसवां महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय खीदरसर में वरिष्ठ अध्यापक हैं, जबकि माता तारामणि नयासर में वरिष्ठ अध्यापिका के पद पर कार्यरत हैं। ससुराल पक्ष में उनकी सास सरोज चौधरी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बास नानग में प्राचार्य हैं तथा ससुर सुरेश भूरिया पीडब्ल्यूडी में ठेकेदार हैं।

उनके पति अर्पित भूरिया ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में डेटा साइंटिस्ट के पद पर कार्यरत हैं।

### शिक्षा और उपलब्धि

निकिता ने अपनी स्नातक की पढ़ाई दिल्ली विश्वविद्यालय से तथा स्नातकोत्तर दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से पूरी की है। वर्तमान में वह राजस्थान विश्वविद्यालय से पीएचडी कर रही हैं।

### गांव में खुशी का माहौल

निकिता के चयन से उनके पैतृक गांव नयासर और ससुराल भूरीवास दोनों स्थानों पर खुशी का माहौल है। परिजनों और ग्रामीणों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की। निकिता ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने स्वर्गीय दादा रामेश्वर सिंह कसवां तथा अपने परिवारजनों को दिया है।

## 27 सूत्रीय मांग-पत्र को लेकर श्रमिक संघ ने सौंपा ज्ञापन



निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** राजस्थान विद्युत श्रमिक महासंघ (भामसं) के प्रदेश व्यापी आह्वान पर बुधवार को जोधपुर डिस्कॉम श्रमिक संघ की नोखा शाखा ने सहायक अभियंता (वितरण) प्रमोद बारूपाल, सहायक अभियंता ग्रामीण अकरम अली व सहायक अभियंता सतर्कता धीरज बिश्नोई को ऊर्जा सचिव व अध्यक्ष डिस्कॉम्स के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया कि विद्युत निगमों में विभिन्न नामों से किये जा रहे निजीकरण पर पूर्णतया रोक लगाने व राजस्थान विद्युत श्रमिक महासंघ के 27 सूत्रीय मांग पत्र का समाधान किये जाने की बात कही। राजस्थान विद्युत श्रमिक महासंघ के प्रदेश संगठन मंत्री चुन्नीलाल राजस्थानी के नेतृत्व में डिस्कॉम कार्यसमिति सदस्य भँवरसिह बीदावत, उपखण्ड महामंत्री सीताराम तर्ड, मनीष पारीक, ओमप्रकाश रांकावत, दिनेश मोदी, गोपीकिशन छिंपा, महेश पारीक, दीपक शर्मा, नितिन शर्मा, महादेव नाई, दुलीचन्द स्वामी, ईश्वरलाल मीणा, देवकिशन, सुरेन्द्र शर्मा, हरिराम, राजकुमार, गणेश रांकावत सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# ट्रस्ट की नीतियों के विरोध में दिया धरना

निसं




**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी ट्रस्ट की नीतियों के विरोध में बुधवार को जनसेवा समिति की ओर से एसडीएम कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने प्रशासन से समस्या का जल्द समाधान करवाने की मांग की है। धरने पर बैठे लोगों ने कहा कि भोपालगढ़ फोर्ट का रास्ता आमजन की आवाजाही के लिए खुला रहना चाहिए। मार्ग पर गेट लगाकर अवरोध खड़ा करना जनहित के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि खेतड़ी कस्बा रियासत कालीन समय के विश्व प्रसिद्ध कस्बा है। रियासत कालीन समय से खेतड़ी में अनेक भवनों, महल एवं किलों का निर्माण करवाया गया था। भोपालगढ़ किला भी ऐतिहासिक रूप से रियासत कालीन समय में बनाया गया था, जिसका उपयोग तत्कालीन समय में सामरिक एवं रिहायसी निवास के लिए किया जाता था। भोपालगढ़ ग्राम में आज भी लोग रहकर अपना जीवन यापन कर रहे हैं। खेतड़ी की राजसी संपत्ति के स्वामित्व को लेकर काफी समय से विवाद है। इसके बावजूद भी ट्रस्ट के लोगों ने कब्जा करने का प्रयास करते हुए मुख्य द्वार पर ताला लगा दिया। भोपालगढ़ किले के मुख्य द्वार पर गेट लगाने को लेकर क्षेत्र की जनता में काफी आक्रोश है। इसके अलावा खेतड़ी कस्बे में कई स्थानों पर ट्रस्ट ने कब्जा कर आवागमन के रास्ते में दीवार बनाकर रास्तों को बंद किया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने भोपालगढ़ किले पर लगाएं बेरिकेट्स को हटाकर सूचारु रूप से चालू करवाने, पूर्व में दर्ज करवाएं गए मुकदमे की निष्पक्ष जांच करवाने, प्राचीन मंदिरों पर किए जा रहे कब्जे हटवाने, केवल वसियत में वर्णित संपत्ति ट्रस्ट को देने, ट्रस्ट द्वारा खेतड़ी क्षेत्र में शिक्षा, छात्रवृत्ति और जनकल्याण के कार्यों को प्राथमिकता देने की मांग की। जनसेवा समिति की ओर से पिछले 35 दिनों से धरना दिया जा रहा है लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हो रही है। उन्होंने बताया कि उनकी मांगों का समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन तेज किया जाएगा। इस मौके पर गोकुल चंद सैनी, एडवोकेट अरुण पारीक, अरविंद सिंह निर्वाण, निकेश पारीक, भूपेंद्र सिंह सोढ़ा, श्याम सिंह चौहान, रामावतार वर्मा, प्रदीप सुरोलिया, सुरेश कुमार कुमावत, लाल सिंह इन्दा, नरेश कुमार, एडवोकेट मान सिंह, बद्री प्रसाद सैनी, सांवरमल यादव, शिव कुमार सैनी, रोशन लाल कुमावत, मूलचंद सैनी, सुगन लाल वर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# अवैध पट्टे जारी करने के मामले में ग्रामीणों में आक्रोश



निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी उपखंड के पपुरना पंचायत में अवैध रूप से पट्टे जारी करने के मामले में ग्रामीणों में आक्रोश पनप रहा है। बुधवार को ग्रामीणों ने एसडीएम से मिलकर पंचायत द्वारा जारी किए गए पट्टों की जांच करवाकर अवैध पट्टे निरस्त करने की मांग की है। ग्रामीणों की ओर से एसडीएम को दिए ज्ञापन में बताया कि ग्राम पंचायत पपुरना में नृसिंह देव व शाकंभरी माता का मंदिर है। शाकंभरी माता निर्वाण राजपूतों की कुलदेवी हैं जिसके चलते राजपूत सेवा समिति इन मंदिरों की देखरेख करती है तथा पर्यटन स्थलो का सरंक्षण व संवर्धन का काम करती है। शाकंभरी माता मंदिर के पास की भूमि का ग्राम विकास अधिकारी जयकिशन मीणा, ई-मित्र संचालक शैलेन्द्र कुमार, विवेक कुमार व पवन कुमार ने अवैध गिरोह बनाकर कई लोगों को फर्जी पट्टे जारी कर दिए। मंदिर के पास की भूमि के फर्जी पट्टे जारी करने पर शाकंभरी माता के भक्तों में काफी आक्रोश है। इस दौरान ग्रामीणों ने एसडीएम से जारी किए गए फर्जी पट्टों की जांच कर इसमें शामिल लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। इसके अलावा फर्जी पट्टे निरस्त करने की गुहार लगाई है। इस दौरान एसडीएम ने मामले की जानकारी जुटाकर आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर करणी सेना जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह फौजी, कैप्टन शेर सिंह, सुमेर सिंह, राजकुमार सिंह, रामसिंह, नरेश सिंह, हेम सिंह, राजपाल सिंह, अमरसिंह, मोहन सिंह, भूपेंद्र सोढ़ा, मदन सिंह, सोनू सिंह, बजरंग सिंह सहित अनेक लोग मौजूद थे।

## रात 10 बजे झुंझुनू होगा अंधेरे में, बजेंगे सायरन

बाबूलाल शर्मा

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** जिला प्रशासन द्वारा नागरिक सुरक्षा तैयारियों को परखने के उद्देश्य से 24 अप्रैल 2026 को सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल आयोजित की जाएगी। इस दौरान हवाई हमले जैसी आपात स्थिति से निपटने के उपायों का अभ्यास किया जाएगा। मॉक ड्रिल के तहत जिला मुख्यालय के विभिन्न स्थानों पर सायरन बजाए जाएंगे, जिससे आमजन को अभ्यास की जानकारी दी जा सके। प्रशासन के निर्देशानुसार 24 अप्रैल को रात्रि 10 बजे से 10:15 बजे तक ब्लैकआउट किया जाएगा। इस अवधि में सभी नागरिकों से अपने घरों, दुकानों एवं प्रतिष्ठानों की लाइट तथा अन्य रोशनी के उपकरण बंद रखने की अपील की गई है। जिला प्रशासन ने आमजन से आग्रह किया है कि इस दौरान किसी भी प्रकार की अफवाह या घबराहट से बचें और शांति बनाए रखें।

साथ ही मॉक ड्रिल को सफल बनाने के लिए प्रशासन का सहयोग करें।

## प्रेमभाया सरकार का चतुर्थ पाटोत्सव मनाया

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर में मंदिर श्री प्रेमभाया सरकार के चतुर्थ पाटोत्सव एवं भक्त शिरोमणि युगलजी महाराज की 110वीं जयंती के पावन अवसर पर भव्य भक्ति संगीत समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और पूरे दिन भक्ति भाव से कार्यक्रमों में सहभागिता की। सुबह सवा 11 बजे श्री प्रेमभाया सरकार के साथ गणेशजी, हनुमानजी एवं शिव पंचायत का वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पंचामृत अभिषेक संपन्न हुआ। इसके पश्चात मंदिर परिसर में आकर्षक फूल बंगले का श्रृंगार किया गया, जिससे वातावरण दिव्य और अलौकिक बन गया। सायं 5 बजे भक्ति संगीत कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत दीपक शर्मा द्वारा प्रस्तुत गणेश वंदना रिद्धि सिद्धि रा भरतार, नित की लाडू खावै छै, गढ़ गणेश छै नाम बैठ्या मौज उड़ावै छै से हुई, जिसने माहौल को भक्तिमय बना दिया। इसके बाद लोकेश सैनी ने घनश्याम म्हारे हिवड़ा में रम जावो जीभजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। वहीं हरि मोहन गोयल ने आओ जी नट नागरिया भजन की प्रस्तुति देकर खूब सराहना बटोरी। कार्यक्रम में अभिषेक साहू, कृतिनेय शर्मा, केशव शर्मा सहित अन्य भजन गायकों ने भी भक्त शिरोमणि युगलजी महाराज की रचनाओं का गायन कर भक्ति रस की अविरल धारा प्रवाहित की। पूरे आयोजन के दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का वातावरण बना रहा, वहीं श्रद्धालुओं ने भजनों के साथ झूमकर आनंद लिया।

# फर्जी वसीयत से 15 बीघा जमीन हड़पने वाला शातिर जालसाज गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी जयपुर की मुरलीपुरा थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कूटरचित वसीयतनामा बनाकर करोड़ों रुपए की जमीन हड़पने के मामले में दो साल से फरार चल रहे शातिर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पहचान बदलकर अलग-अलग शहरों में रहकर पुलिस को लगातार चकमा दे रहा था। पुलिस उपायुक्त पश्चिम प्रशांत किरण ने बताया कि आरोपी मयंक अग्रवाल के खिलाफ परिवादी सज्जन कुमार अग्रवाल ने जुलाई 2024 में मामला दर्ज कराया था। शिकायत में बताया गया कि उनके दिवंगत भाई महेन्द्र कुमार अग्रवाल के नाम से दिल्ली रोड स्थित बिशनगढ़, आमेर क्षेत्र की करीब 15 बीघा बेशकीमती जमीन हड़पने के लिए आरोपी ने साजिश रची। आरोपी ने जाली वसीयतनामा तैयार कर जमीन अपने नाम करवा ली और बाद में इसे जितेन्द्र सैन के नाम गिफ्ट डीड के जरिए स्थानांतरित कर दिया। मामले की जांच में सामने आया कि यह पूरी तरह सुनियोजित जालसाजी थी। मुकदमा दर्ज होने के बाद से ही आरोपी फरार चल रहा था और पुलिस के लिए चुनौती बना हुआ था। आरोपी तकनीकी रूप से काफी दक्ष है और पकड़ से बचने के लिए लगातार मोबाइल और सिम बदलता रहा। वह मुंबई उज्जैन और अन्य शहरों में अपनी पहचान बदलकर रह रहा था। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त राजेश गुप्ता के सुपरविजन में गठित टीम ने तकनीकी और पारंपरिक पुलिसिंग के जरिए आरोपी की तलाश जारी रखी। आखिरकार सूचना मिली कि आरोपी चंडीगढ़ में छिपकर रैपिडो के जरिए टैक्सी चला रहा है। इस पर पुलिस टीम ने दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया। थानाधिकारी वीरेन्द्र कुरील के नेतृत्व में गठित टीम में हेड कांस्टेबल राजेन्द्र प्रसाद, कांस्टेबल अनिल कुमार, अनिल कुमार द्वितीय और राजेश कुमार की अहम भूमिका रही। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर दो दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया है।

पूछताछ के दौरान इस जालसाजी में शामिल अन्य साथियों और इसी तरह के अन्य मामलों का खुलासा होने की संभावना है। पुलिस का मानना है कि रिमांड के दौरान फर्जी दस्तावेज, गिफ्ट डीड और जमीन हड़पने के पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश हो सकता है।

## पक्षियों के लिए लगाए परिण्डे



सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** गर्मी अपना तेवर दिखा रही है जिससे इंसान के साथ पशु-पक्षियों के हाल बेहाल हैं। प्रियंक जैन ने बताया कि बजाज रोड के आसपास स्थित पेड़ पौधों पर पक्षियों के लिए परिंडे बांधे गए जिससे पक्षी पानी पी सके। गर्मी के इस मौसम में हर जीव को पानी की जरूरत तो पड़ती है ऐसे कार्यों के लिए लोग आगे आ रहे हैं और वह अपने घरों या आस-पास स्थित पेड़ पर पक्षियों के लिए पानी के परिंडे लगा कर उन्हें गर्मी से निजात दिलाने में मदद कर रहे है।

## सर्विस सेंटर से 50 हजार की चोरी करने वाला गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी जयपुर के कालवाड़ थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सर्विस सेंटर से नकदी चोरी करने वाले शातिर आरोपी को महज 24 घंटे में गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ग्राहक बनकर सेंटर में घुसा और मौका पाकर ऑफिस में रखी नकदी पर हाथ साफ कर फरार हो गया था। पुलिस उपायुक्त पश्चिम प्रशांत किरण ने बताया कि हाथोज स्थित जेके मोटर्स सर्विस सेंटर के संचालक हीरालाल यादव ने इस संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट के अनुसार 21 अप्रैल को एक अज्ञात व्यक्ति गाड़ी की जानकारी लेने के बहाने सेंटर पर आया। इसी दौरान जब संचालक अपने काम में व्यस्त था, आरोपी ऑफिस में घुस गया और वहां रखे कपड़ों की जेब से करीब 50 हजार रुपए निकालकर फरार हो गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त राजेश गुप्ता और सहायक पुलिस आयुक्त झोटवाड़ा आलोक कुमार सैनी के सुपरविजन में थानाधिकारी सुरेश सिंह के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने सर्विस सेंटर और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। साथ ही मुखबिरों से मिली सूचना के आधार पर आरोपी की पहचान कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी सतवीर सिंह को गिरफ्तार किया है, जो मूल रूप से सीकर जिले के लोसल का निवासी है और वर्तमान में जयपुर के मुरलीपुरा स्थित बंधुनगर में रह रहा था। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी नशा करने और जुआ खेलने का आदी है। अपनी इन आदतों को पूरा करने के लिए वह सुनसान स्थानों, मकानों और दुकानों को निशाना बनाकर चोरी की वारदातों को अंजाम देता था। आरोपी के खिलाफपूर्व में भी चोरी के कई प्रकरण दर्ज हैं। इस त्वरित कार्रवाई में थानाधिकारी सुरेश सिंह के साथ हेड कांस्टेबल शेरसिंह, दुर्गाप्रसाद तथा कांस्टेबल हीरालाल, गोपाल लाल और भंवरलाल की महत्वपूर्ण भूमिका रही। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर चोरी की गई राशि की बरामदगी के प्रयास में जुटी हुई है।

## थार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

निसं



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** मंगलवार शाम को गनोडा-सारोठिया रोड पर थार और मोटरसाइकिल की टक्कर में मोटरसाइकिल सवार की मौके पर ही दर्दनाक मृत्यु हो गयी। सूचना पर सदर पुलिस सुजानगढ़ के हेड कांस्टेबल मुकेश, टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार, एम्बुलेंस चालक नवरत्न बिजारणिया मौके पर पहुंचे तथा शव को सुजानगढ़ सरकारी अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। मृतक की पहचान अमित लाखन पुत्र तेजपाल लाखन निवासी वाल्मीकि बस्ती, सुजानगढ़ के रुप में हुई। पुलिस ने थार गाड़ी को जब्त कर लिया है, गाड़ी किसी शादी समारोह में जा रही थी। पुलिस को दी रिपोर्ट में तेजपाल ने बताया है कि मेरा पुत्र ओरिक मोटर्स में सफाई कर्मचारी का काम करता था लेकिन कंपनी का हेड सोहननाथ दबाव बनाकर उससे बिना किसी वैद्य लाईसेंस के ही किश्त कलेक्शन का काम आस-पास के गांवों में करवाता था। उसने लर्निंग लाइसेंस भी बनवाकर दिया जबकि मूल लाईसेंस बनने से पहले ही बाइक देकर कलेक्शन का कार्य करवाया जिसके कारण मेरे पुत्र की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## बच्चों को बाल विवाह के दुष्परिणाम के बारे में दी जानकारी




निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चूरू एवं तालुका विधिक सेवा प्राधिकरण तारानगर के निर्देशानुसरा ग्राम पंचायत तोगावास में शहीद सुखदेव सिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में पीएलवी राकेश कल्ला ने बच्चों को बाल विवाह से होने वाले नुकसान के बारे में बच्चो को बताया। स्कूल के प्रधानाचार्य राम प्रताप सांखला ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की और उन्होंने भी बच्चो को बाल विवाह से होने वाले नुकसान पर विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य अनुसुईया शर्मा, व्याख्याता घड़सी राम सुथार, मांगी लाल गौड़, सरोज बाला शर्मा, गायत्री महला, सुरेश कुमार खत्री तथा राज कमल सहारण आदि समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।

## पुरुष एकल गायन प्रतियोगिता आज

निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** रोटरी क्लब श्रीमाधोपुर सनराइज द्वारा गुरुवार को सुबह 10 बजे से कस्बे के डॉ एम एस हॉस्पिटल के पास स्थित चौधरी नाथूराम भामू रोटरी भवन में होने वाली पुरुष एकल गायन द्वितीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। क्लब के गिरिराज कयाल ने बताया कि इस नि:शुल्क प्रतियोगिता में दो ग्रुप बनाये गए है पहला ग्रुप अ जिसमें 18 वर्ष तक के लड़के/युवा भाग लेंगे, दूसरा ग्रुप ब में 18 वर्ष से उपर के लड़के/पुरुष भाग लेंगे। इसके प्रोजेक्ट चेयरमैन संजीव फ्रेंक्लिन, प्रोजेक्ट को-चेयरमैन सुरेश कुमार चोटिया व सागर मल शर्मा है। प्रतियोगिता की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

# फर्जी विधायक नेम प्लेट लगाकर चल रही कार जब्त

निसं




**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी जयपुर के कालवाड़ थाना क्षेत्र में ट्रैफिक पुलिस ने वीआईपी कल्चर का रौब झाड़ने की कोशिश कर रहे एक व्यक्ति पर सख्त कार्रवाई करते हुए फर्जी विधायक नेमप्लेट लगी कार को जब्त कर लिया। वाहन पर प्रतिबंधित ब्लैक फिल्म भी लगी हुई थी। कालवाड़ थाना अधिकारी सुरेंद्र सिंह ने बताया कि हाथोज इलाके में चेकिंग के दौरान ट्रैफिक हेड कांस्टेबल धारासिंह ने एक संदिग्ध कार को रुकवाया। जांच के दौरान चालक श्याम निवासी झोटवाड़ा ने खुद को विधायक बालमुकुंद आचार्य का करीबी बताते हुए गाड़ी छोड़ने का दबाव बनाया। उसने दावा किया कि वाहन विधायक का है और उसे जाने दिया जाए। हालांकि हेड कांस्टेबल ने स्पष्ट कर दिया कि वह विधायक की अधिकृत गाड़ी को पहचानते हैं क्योंकि वह नियमित रूप से उसी मार्ग से गुजरती है।

इसके बाद चालक को नियमों की जानकारी दी गई। थानाधिकारी ने बताया कि जब चालक का दावा काम नहीं आया तो उसने मामला खत्म करने के लिए 20 हजार रुपए की रिश्वत देने की पेशकश की। पुलिसकर्मी द्वारा मना करने पर एक अन्य व्यक्ति मौके पर पहुंचा और कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए दबाव बनाने का प्रयास किया। उसने धमकी भरे लहजे में कहा कि गाड़ी जब्त करके कौन से कलेक्टर बन जाओगे। वहीं दस्तावेजों की जांच में सामने आया कि कार का रजिस्ट्रेशन सलुंबर निवासी तुषार के नाम पर है और इसका किसी विधायक या उनके कार्यालय से कोई संबंध नहीं है। स्पष्ट हुआ कि चालक अवैध वीआईपी सुविधा पाने और पुलिस कार्रवाई से बचने के लिए फर्जी नेम प्लेट का उपयोग कर रहा था। इधर मामले की गंभीरता को देखते हुए हेड कांस्टेबल धारासिंह ने ट्रैफिक सीआई कविता शर्मा को सूचित किया। उनके निर्देश पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए कार को जब्त कर कालवाड़ थाने भिजवा दिया। थानाधिकारी सुरेंद्र सिंह ने बताया कि वाहन को थाने में खड़ा करवाया गया है और आगे विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है। वहीं मामले में विधायक बालमुकुंद आचार्य ने स्पष्ट किया कि उनका आरोपी से कोई संबंध नहीं है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में उन्हें पुलिस की ओर से सूचना मिली थी लेकिन उक्त व्यक्ति या वाहन से उनका कोई लेनादेना नहीं है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

## ऑपरेशन गरिमा के तहत निर्भया स्क्वाड टीम द्वारा सेमीनार आयोजित

जयशंकर जांगिड़



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** राजस्थान पुलिस द्वारा चलाया जा रहा अभियान ऑपरेशन गरीमा के तहत कार्यालय पुलिस अधीक्षक जिला झुंझुनू निर्भया स्क्वाड टीम ने स्कूल, कॉलेज, कोचिंग सेंटरों और सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं व बालिकाओं से होने वाली छेड़छाड़ को रोकने के लिए जेबीएससी/जीडीएसडीसी छात्राओं को दिशा निर्देशित करते हुए कहा कि यदि उनके साथ कभी भी कहीं भी ऐसी घटना हो तो तुरन्त प्रभाव से हेल्प लाइन नम्बर 1090 पर कॉल करके सूचना देवें। राजकोप सीटिजन ऐप डाउनलॉड कर उसके माध्यम से भी सूचना देने के लिए प्रोत्साहित किया गया और टीम द्वारा आश्वस्त करवाया गया कि उनके द्वारा जल्द से जल्द उस रिपोर्ट पर संज्ञान लेते हुए सहायता उपलबध करवाई जायेगी। टीम सदस्य के रूप में सरोज, सीमा, सुमन, सुभिता, मंजु, सुनीता महाविद्यालय में पधारे जिनको प्राचार्या डॉ. योगिता शर्मा तथा समस्त स्टॉफ द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर उनको सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित जे बी एस सी एवं जी डी एस डी सी की समस्त छात्राओं व स्टॉफ द्वारा राजकोप सिटीजन ऐप डाउनलोड करके अपने सभी परिवारजन को भी परिचित करवाने का संकल्प लिया गया।

## पौधरोपण, पोस्टर व निबंध प्रतियोगिताएं आयोजित



निसं

**दांतारामगढ़ ( नवयत्न )।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सुरेरा में पृथ्वी दिवस 2026 की थीम हमारी शक्ति, हमारा ग्रह को सार्थक करने के उद्देश्य से बुधवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सुरेरा में पृथ्वी दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम स्काउट गाइड प्रभारी विनोद कुमार नरवर के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। इस अवसर पर स्काउट्स एवं विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विद्यालय परिसर में लगे पौधों की देखभाल करते हुए उन्हें खाद-पानी दिया तथा निराई-गुड़ाई की। साथ ही परिसर में नए पौधे भी लगाए गए।

विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान जल, बिजली एवं वृक्षों के संरक्षण, पेड़ लगाओ, प्रदूषण रोको, पृथ्वी बचाओ-जीवन बचाओ तथा प्लास्टिक मुक्त विद्यालय जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सुमन बुगालिया, उपप्रधानाचार्य मदन घसिया, व्याख्याता मोहन वर्मा सहित समस्त विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहे।

## उपजिला अस्पताल में मरीजों का तांता, तकनीशियन पड़ रहे कम

निसं



**रींगस ( नवयत्न )।** कस्बे के सरकारी अस्पताल के क्रमोन्नत होकर उपजिला अस्पताल में तब्दील होने के बाद मरीजों की सख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। संस्थान पर विषय विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता के कारण रोगी भार पहले की तुलना में लगभग दोगुना हो गया है परन्तु फार्मेसी एवं लैब में कार्मिकों की संख्या में किसी प्रकार की वृद्धि नहीं हुई है। इससे यहाँ संसाधन हाफने लगे है। उपजिला अस्पताल में फार्मासिस्ट व लैब टेक्निशियन की कमी से घंटों लाइने लग रही है। इस समय सरकारी अस्पताल की लैब में जांचों की संख्या में इजाफा होकर 56 से 122 तक पहुंच गई है। वही लैब में जाँच के लिये दिन भर में 450-500 मरीज पहुंच रहे है। इससे मरीजों को समय पर जांच नहीं मिल पा रही। घंटों कतार में खड़े होकर मरीजों को अपनी बारी का इन्तजार करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार उपजिला अस्पताल में इन दिनों ओपीडी 1 हजार के आस पास चल रही है। इसके मुकाबले यहां पर केवल दो दवा वितरण केंद्र एवं तीन फार्मासिस्ट की ही नियुक्ति है। जबकि मरीजों की संख्या के अनुसार 5 दवा वितरण केंद्र एवं लगभग 8 फार्मासिस्ट के करीब होने चाहिए। इससे मरीजो को घंटों लाईन में लगने से छुटकारा मिल सकता है। वही मरीजों की माने तो उन्हें लैब में अपनी ब्लड सहित अन्य की जांच के लिए घंटों इन्तजार करना पड़ रहा है। यहां पर भी केवल 3 लैब तकनीशियन ही कार्यरत है। जबकि संस्थान पर 5 पद स्वीकृत है एवं 2 पद रिक्त चल रहे है। जबकि मरीजों के आकड़ों के अनुसार यहां पर स्वीकृत पदों के अलावा 3 अतिरिक्त लेब तकनिशियनों की आवश्यकता है। इससे मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं अब उपजिला अस्पताल में 122 प्रकार की जांचे शुरू हो गई है लेकिन तकनीकी विशेषज्ञों की कमी के चलते मरीजो को बाहर से भी जांच करवानी पड़ रही है। इससे मरीजों पर अतिरिक्त भार पड़ रहा है।

**इनका कहना है**

उपजिला अस्पताल में लगातार संसाधनों को बढ़ाया जा रहा है। जो कमी महसूस हो रही है इसके लिए उच्चाधिकारियों को अवगत करवाया गया है जल्द ही अतिरिक्त संसाधन व मैन पावर मिल सकेंगे। डॉ जितेन्द्र सिंह निठारवाल, पीएमओ, उपजिला अस्पताल रींगस

## विश्व अर्थ दिवस मनाया

निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** तहसील के ग्राम तोगावास स्थित शहीद सुखदेव सिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में विश्व अर्थ दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य राम प्रताप सांखला ने विद्यार्थियों को पृथ्वी संरक्षण, पर्यावरण संतुलन एवं प्राकृतिक संसाधनों के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि पृथ्वी को सुरक्षित रखने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने स्तर पर प्रयास करना चाहिए जैसे पेड़ लगाना, जल संरक्षण करना और प्रदूषण को कम करना। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिवार के कई सदस्य उपस्थित रहे, जिनमें उप प्राचार्य अनुसुईया शर्मा, व्याख्याता घड़सी राम सुथार, मांगी लाल गौड़, सरोज बाला शर्मा, गायत्री महला, सुरेश कुमार खत्री तथा राज कमल सहारण शामिल थे। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें प्रकृति संरक्षण के लिए प्रेरित करना था।

## बिना नंबरी बजरी से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त कर आरोपी गिरफ्तार

निसं



**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी पुलिस ने बुधवार को अवैध खनन पर कार्रवाई करते हुए बजरी से भरे एक बिना नंबर के ट्रैक्टर ट्राली को जब्त किया गया है। इस दौरान पुलिस ने ड्राइवर को भी गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी मोहनलाल ने बताया कि पुलिस चौकी निजामपुर थाना खेतड़ी के सामने आम सड़क मेहाडा-खेतड़ी पर नाकाबंदी शुरू की गई। नाकाबंदी के दौरान एक बिना नंबरी ट्रेक्टर ट्रोली के बजरी से भरा हुआ आया, जिसके चालक को रोकने का इशारा देकर रूकवाया। इस दौरान जब ड्राइवर से नाम पता पुछा तो उसने अपना नाम रणवीर सिंह निवासी ढाणी सोलंकी तन मेहाडा जाटूवास होना बताया। ड्राइवर रणवीर सिंह को ट्रेक्टर ट्रोली में भरी बजरी के संबंध में रॉयल्टी व अनुज्ञा पत्र के बारे में पुछताछ की तो कुछ नहीं होना बताया। जिस पर पुलिस ने अवैध खनन कर चोरी कर ले जाने पर बजरी से भरे ट्रैक्टर ट्राली को जब्त कर ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया। खेतड़ी के खनन क्षेत्र में अवैध रूप से खनन होने को लेकर ग्रामीणों की ओर से प्रशासनिक अधिकारियों को अवगत करवाया जा चुका है। थानाधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी से गहनता से पूछताछ की जा रही है तथा मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

इस दौरान टीम में थानाधिकारी मोहनलाल, एचसी महेश कुमार, कांस्टेबल मंजीत आदि शामिल थे।

## शिविर में हुई 165 लोगो की जांच, 55 का होगा ऑपरेशन



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** लायंस क्लब सुजानगढ़ एवं शंकरा आई हॉस्पिटल के तत्वावधान में जिला अंधता निवारण समिति जयपुर तथा भामाशाह सीताराम मौसूण, पवन मौसूण एवं हितेश ज्वैलर्स के आर्थिक सहयोग से बुधवार को माहेश्वरी सेवा सदन में 32वां नेत्र चिकित्सा, नेत्रदान पंजीयन एवं विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि भामाशाह विनोद शर्मा तंवरा, जोन चेयरपर्सन एमजेएफ लॉयन कमल तापड़िया, क्लब अध्यक्ष लॉयन प्रशांत पारीक, सचिव अशोक जाजू एवं शंकरा आई हॉस्पिटल की डॉ आशना द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मुख्य अतिथि विनोद शर्मा ने कहा कि लायंस क्लब के सेवा प्रकल्प सराहनीय हैं। उन्होंने कहा कि नेत्र चिकित्सा शिविरों के माध्यम से लोगों को पुन: दृष्टि प्रदान करना अत्यंत पुण्य और मानवता की सच्ची सेवा है। उन्होंने भविष्य में भी ऐसे सेवा कार्यों में हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। शिविर में शंकरा आई हॉस्पिटल की विशेषज्ञ टीम द्वारा 165 रोगियों की जांच की गई, जिनमें से 55 रोगियों का मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु चयन किया गया। साथ ही 11 नेत्रदान पंजीयन भी हुए जिनमें आईएमए सुजला अध्यक्ष डॉ एस एन जांगिड़ का नाम भी शामिल है। क्लब अध्यक्ष लॉयन प्रशांत पारीक ने बताया कि शिविर में रोगियों को नि:शुल्क दवाइयां एवं चश्मे वितरित किए गए। शिविर में देवेंद्र बेदी, मुरली राठी, संजय गोयल, रुपेश शर्मा, सुषमा मूंदड़ा, सुनीता रावतानी, सुनीता तापड़िया, चित्रा जगवानी, मोनिका सोनी सहित अनेक सदस्यों एवं सहयोगियों मोहम्मद अनवर मौलानी, गोपालचंद सोनी, गिरधारी प्रजापत, मालाराम प्रजापत, जावेद प्लंबर, आदिल भाटी ने सेवाएं प्रदान की। माहेश्वरी सेवा सदन के महावीर शर्मा, पवन शर्मा, विकास एवं टीम ने भी महत्वपूर्ण सहयोग दिया। विजयपाल द्वारा विधिक जागरूकता सत्र के माध्यम से उपस्थित जनों को उपयोगी जानकारी प्रदान की गई।

## जेजेटी विश्वविद्यालय में संकाय विकास कार्यक्रम से तीसरे दिन भी हुए लाभान्वित

निलेश मुद्गल



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** जगदीशप्रसाद झाबरमल टीबड़ेवाला विश्वविद्यालय में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में आयोजित छह दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का तृतीय दिवस शैक्षणिक उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का विषय कृत्रिम बुद्धिमत्ता के एकीकरण, परिणाम-आधारित शिक्षा एवं शैक्षणिक नवाचार के माध्यम से उच्च शिक्षा का रूपांतरण है। कार्यक्रम विश्वविद्यालय के चेयरपर्सन डॉ विनोद टीबड़ेवाला, कुलपति प्रो. मधु गुप्ता एवं कुल सचिव डॉ अजीत कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य शिक्षकों को समकालीन शैक्षणिक दृष्टिकोण एवं नवाचारों से अवगत कराना है। तृतीय दिवस के प्रथम सत्र में चूरू स्थित राजकीय लोहिया पीजी महाविद्यालय से पधारे डॉ सुमेर सिंह ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन : चुनौतियाँ एवं अवसर विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रभावी कार्यान्वयन में आने वाली चुनौतियों एवं उपलब्ध अवसरों का व्यावहारिक विश्लेषण प्रस्तुत किया। द्वितीय सत्र में रांची, झारखंड के राजकीय महाविद्यालय से संबद्ध डॉ गणेश नारायण ने ऑनलाइन जूम माध्यम से राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के संदर्भ में परिणाम-आधारित शिक्षा एवं शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने शिक्षण प्रक्रिया में परिणाम-आधारित दृष्टिकोण को अपनाने की आवश्यकता पर विशेष बल दिया। तृतीय सत्र में उदयपुर स्थित भूपाल नोबल्स विश्वविद्यालय से संबद्ध डॉ एन.के. पटेल ने भी ऑनलाइन जूम माध्यम से शोध की प्रक्रिया एवं प्रभावी शोध मॉडल का निर्माण विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने शोध कार्य की रूपरेखा, पद्धति निर्धारण तथा मॉडल निर्माण के व्यावहारिक पहलुओं पर विस्तार से मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में कार्यक्रम समन्वयक डॉ धर्मेंद्र कौशिक, फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम समन्वयक डॉ नाजिया हुसैन, सह-समन्वयक डॉ नीतिश कुमार गौतम तथा छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ अनंता शांडिल्य की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर डॉ नीरज, डॉ दिनेश, डॉ जगबीर, डॉ विजयमाला, डॉ रामप्रताप सैनी, डॉ अंशु, डॉ गुरफान, डॉ रूमान, डॉ महेश सिंह, डॉ अंजना शर्मा, डॉ अर्पणा, डॉ केलापति एवं डॉ शिव कुमार सहित अन्य संकाय सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के तकनीकी सहयोग में राजेश साई, सुनील सैनी एवं अजय जांगिड़ का उल्लेखनीय योगदान रहा, जबकि कार्यक्रम का संचालन डॉ आरती पवार एवं डॉ ज्योति सोनी द्वारा किया गया।

## एक शाम आशा भोसले के नाम झुंझुनूं में कल

हर्ष सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** संस्कार भारती झुंझुनू के तत्वावधान में हिंदी सिने जगत की महान पार्श्वगायिका आशा भोसले की स्मृति में एक विशेष सांस्कृतिक संध्या स्वरांजलि का आयोजन किया जाएगा।

कार्यक्रम संयोजक राजेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि यह आयोजन शुक्रवार 24 अप्रैल को केशव आदर्श विद्या मंदिर सभागार में आयोजित होगा।

इस सांस्कृतिक संध्या में शेखावाटी क्षेत्र के ख्यातनाम कलाकार आशा भोसले द्वारा गाए गए सदाबहार गीतों की प्रस्तुति देकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। कार्यक्रम सायं 4 बजे प्रारंभ होगा। आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और क्षेत्र के संगीत प्रेमियों में इसे लेकर विशेष उत्साह बना हुआ है। यह संध्या सुरों के माध्यम से एक महान गायिका को याद करने का अनूठा अवसर बनेगी।

## सम्पादकीय

# पहलगाम की पीड़ा



एक वर्ष पहले आज के ही दिन कश्मीर के पर्यटन स्थल पहलगाम में पाकिस्तानी आतंकियों ने जिस तरह 25 पर्यटकों को उनका मजहब पूछकर मारने के साथ एक स्थानीय टट्टू वाले को भी गोलियों का निशाना बनाया था, उसने सारे देश को हिलाकर रख दिया था। इस बर्बर आतंकी घटना को भूला नहीं जा सकता-इसलिए और भी नहीं, क्योंकि वह पाकिस्तान अब भी भारत को अस्थिर और आतंकित करने के षड्यंत्र रचते रहता है, जिसके इशारे पर इस भीषण आतंकी घटना को अंजाम दिया गया था।

पाकिस्तान जिस प्रकार भारत के लिए खतरा बने जैश और लश्कर के साथ उनके मुखौटा आतंकी संगठनों को पाल-पोस रहा है, उससे भारत को सचेत रहने के साथ ही उसे निरंतर यह चेताने की भी आवश्यकता है कि यदि भविष्य में किसी आतंकी हमले में उसका हाथ दिखा तो आपरेशन सिंदूर जैसी कठोर सैन्य कार्रवाई फिर होगी।

वैसे भी यह आपरेशन स्थगित स्थिति में है। इसका अर्थ है कि भारतीय सेना पाकिस्तान की किसी करतूत का जवाब देने के लिए तत्पर है। यह तत्परता समय की मांग भी है। यह अच्छा है कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान को यह स्मरण कराया कि भारत भूलता नहीं है और जब मानवता की सीमाएं पार होती हैं तो प्रतिक्रिया निर्णायक होती है। पाकिस्तान अपने यहां के आतंकी ढांचे को खत्म करने के स्थान पर जिस तरह अपनी भौगोलिक स्थिति का बेजा लाभ उठाकर विश्व और विशेष रूप से अमेरिका की आंखों में धूल झोंकने में लगा हुआ है, वह शुभ संकेत नहीं। विडंबना यह है कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप अपने निजी संकीर्ण स्वार्थों को पूरा करने के फेर में पाकिस्तान की पीठ पर हाथ रखे हुए हैं।

भारत को केवल पाकिस्तान से ही सावधान नहीं रहना, बल्कि देश के अंदर सक्रिय आतंकी तत्वों को लेकर भी सतर्कता बढ़ानी होगी। इसकी अनदेखी न की जाए कि आतंकी साजिश रचने वाले जिहादी तत्व आए दिन गिरफ्त में आते रहते हैं। इनमें पढ़े-लिखे युवा और यहां तक कि डाक्टर और इंजीनियर भी हैं।

इनमें से कई पाकिस्तान में बैठे हैंडलरों के इशारे पर आतंकी गतिविधियां संचालित करते पकड़े जाते हैं। आतंकी खतरा जितना सीमा पार से है, उतना ही सीमा के अंदर से भी। आतंक के खिलाफ सतर्कता का स्तर बढ़ाने के साथ ही यह भी सुनिश्चित करना आवश्यक है कि जिन आतंकियों के मामले अदालतों में हैं, उनका निपटारा प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र हो। इसी के साथ ही सरकारों को आतंक के शिकार लोगों के परिवारों की हरसंभव सहायता करने के मामले में अतिरिक्त संवेदनशीलता का परिचय देना होगा। जो लोग किसी आतंकी घटना में अपने स्वजन खोते हैं, वे सदा के लिए दुख-दर्द से गुजरते हैं। सरकार और समाज की ओर से उन्हें यही संदेश जाना चाहिए कि वे उनका संबल बनने के लिए प्रतिबद्ध और एकजुट हैं।

## विशेष आलेख

# लोकलुभावनवाद से त्रस्त राजनीति

**मेरिका और ईरान के बीच अस्थिर संघर्षविराम के स्थिर होने की आशा और घरेलू मोर्चे पर महिला आरक्षण संबंधी विधेयक के गिरने से उपजी निराशा के बीच अब ध्यान पूरी तरह घरेलू राजनीति पर केंद्रित है, जो किसी वैश्विक टकराव की तुलना में हमारे कहीं अधिक नियंत्रण में है। इस साल देश के कई राज्यों में चुनाव हैं। हालांकि इसमें कोई हैरानी नहीं कि आखिर कौन से साल चुनावों का क्रम नहीं चलता। अभी तक असम, केरलम और पुडुचेरी में चुनाव हो चुके हैं। बंगाल और तमिलनाडु के चुनाव भी इसी महीने निपट जाएंगे।**



अगले वर्ष की शुरुआत में पंजाब और उत्तराखंड के अलावा राजनीतिक रूप से सबसे महत्वपूर्ण उत्तर प्रदेश में चुनाव होने हैं। जहां इन चुनावों में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआइआर का मुद्दा चर्चा में रहा है, वहीं हमेशा की तरह धर्म, जाति, क्षेत्रीय अस्मिता और लोकलुभावनवाद आदि के माध्यम से वोट बटोरने की होड़ भी राजनीतिक दलों में जारी है। क्षेत्रवाद एवं रेवड़ियों की इस राजनीति का दुष्परिणाम स्वाभाविक रूप से हमारे सामाजिक तानेबाने और अर्थव्यवस्था को भुगतना पड़ता है।

आर्थिक प्रबंधन की कसौटी प्राय: शासनकला की मूलभूत एवं सर्वाधिक महत्वपूर्ण कड़ी मानी जाती है। भारत में केंद्र, राज्य और स्थानीय निकायों का कुल वार्षिक व्यय लगभग 90 लाख करोड़ रुपये के आसपास है। यदि केंद्र से वित्तीय हस्तांतरण को देखा जाए तो राज्य सरकार और स्थानीय निकाय मिलकर करीब 60 लाख करोड़ रुपये खर्च करते हैं। स्थानीय निकायों पर सीधा नियंत्रण राज्य सरकारों का होता है। यानी व्यय के मोर्चे पर बड़ी जिम्मेदारी मुख्यत: राज्य सरकारों और उनके विवेक पर ही निर्भर है। यदि समस्त सरकारी व्यय की बात करें तो लगभग आठ लाख करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि मुफ्त राशन, नकदी हस्तांतरण, कृषि कर्ज माफी और कृषि सब्सिडी जैसी राजनीतिक रेवड़ियों पर ही खर्च होती है। इसमें शिक्षा-स्वास्थ्य पर होने वाला व्यय शामिल नहीं है। क्या रेवड़ियों पर होने वाला यह खर्च कुल व्यय के अनुपात में बहुत अधिक या असंतुलित है? यदि विकसित देशों की व्यवस्था से परखें तो उत्तर होगा 'नहीं'? विकसित देशों में मुफ्त सौगातों की अपनी एक विशेष सूची है। उसे भले ही सामाजिक सुरक्षा का नाम मिला हो, पर यह संकल्पना उनके लिए अपरिचित तो कतई नहीं। फिर भी, इसमें एक मूलभूत अंतर यह है कि विकसित देशों में ऐसे खर्च जहां पूरी तरह संस्थागत स्वरूप में सामाजिक अनुबंध का हिस्सा होते हैं, वहीं भारत में ये खर्चे मनमानेपन का उदाहरण हैं, जिसके लिए चुनावी दबाव से उपजा प्रतिस्पर्धी लोकलुभावनवाद ही अधिक जिम्मेदार है। इस खर्च की प्रकृति एवं स्वरूप भी भिन्नता लिए होता है। भारत में यदि कृषि कर्ज माफी से तुलना करें तो अमेरिका में उसके लिए रियायती फसल बीमा और न्यून ब्याज पर कर्ज की सुविधा जैसी मिसालें हैं।

भारत जैसी आर्थिकी के लिहाज से ब्राजील का उदाहरण लें तो वहां सशर्त नकदी हस्तांतरण की व्यवस्था है, जिसमें विद्यालयों में उपस्थिति एवं टीकाकरण जैसे मानक जुड़े हैं। इन सभी लोकलुभावन योजनाओं का वित्तपोषण करदाताओं की जेब से होता है, लेकिन विदेश में इसके लिए सुदृढ़ व्यवस्था है। विकसित देशों में ऐसी योजनाएं जोखिम प्रबंधन एवं सामाजिक समझौतों के रूप में प्रस्तुत की जाती हैं। उनका वितरण तंत्र भी बेहतर परिणाम लिए होता है। कल्याणकारी राज्य की अवधारणा भी कोई नई या अनूठी नहीं है। हमारे लिए यही विचारणीय होना चाहिए कि हम अपनी कल्याणकारी राज्य व्यवस्था को अवसर प्रदान करने वाले राज्य के रूप में रूपांतरित करने के लिए पर्याप्त प्रयास कर पा रहे हैं या नहीं?

भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य की पूर्ति का गणित एकदम सरल है। इसके लिए हमें दो दशकों तक कम से कम आठ प्रतिशत की दर से आर्थिक वृद्धि करनी होगी। हमें उत्पादन केंद्रित कल्याणकारी संकल्पना अपनानी होगी, जहां राजकोषीय प्राथमिकताएं उपभोग आधारित सब्सिडी के बजाय क्षमता निर्माण से संबंधित निवेश की ओर उन्मुख हों। अनुमानों के अनुसार बुनियादी ढांचे और मानव विकास पर व्यय प्रत्येक रुपया जीडीपी में 2.5 से लेकर चार रुपये तक का गुणक प्रभाव रखता है, वहीं मुफ्त वितरण वाली योजनाओं में एक रुपया महज 0.9 रुपये के हिसाब से ही उत्पादकता प्रदान करता है। कल्याणकारी व्यय सामाजिक एवं नैतिक अनिवार्यता है, लेकिन सुशासन के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और कानून एवं व्यवस्था पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता होती है। क्या हमारे यहां चुनाव इन मुद्दों पर लड़े जा रहे हैं और उससे भी महत्वपूर्ण यह कि क्या हमारे मतदाता इन मुद्दों को प्राथमिकता दे रहे हैं? चुनावों में वंचितों की राजनीति, क्षेत्रीय उप-राष्ट्रवाद एवं अस्मिताओं और लोकलुभावनवाद का बोलबाला आखिर कब तक कायम रहेगा? वंचितों की सहायता आवश्यक है, किंतु इस क्रम में अंतिम लक्ष्य यही हो कि सहायता की निर्भरता चरणबद्ध रूप से घटती जाए। आत्मनिर्भरता न केवल राष्ट्रीय, अपितु निजी स्तर पर भी उतनी ही अपेक्षित एवं आवश्यक है। भूखे को पका हुआ भोजन देने के बजाय भोजन पकाने की विधि सिखाना कहीं अधिक उपयोगी है। हमारे नीति निर्माता विभिन्न मुद्दों पर असहमत हो सकते हैं, पर अर्थशास्त्र के मूल सिद्धांतों पर कोई राष्ट्रीय सहमति तो बनानी ही होगी। देशवासियों को भी चुनावी राजनीति को विकास-केंद्रित बनाने में योगदान देना होगा। वर्षों से चली आ रही असमानता दूर करना उत्कृष्ट विचार है।

समानता संवैधानिक सिद्धांत भी है, किंतु आखिर हमारा लक्ष्य क्या होना चाहिए-समान आय या समान अवसर? हम गलती से सामाजिक न्याय और समाजवाद में घालमेल कर देते हैं। एक उदात्त विचार के रूप में सामाजिक न्याय को सुनिश्चित किया जाना जितना आवश्यक है, उतना ही आवश्यक है समाजवाद को खारिज करना। समावेशी विकास हमारा लक्ष्य अवश्य है, पर वहां तक पहुंचने का मार्ग एक विफल माडल नहीं हो सकता। यह विस्मृत न किया जाए कि जहां पूंजीवाद उत्पादन एवं सृजन करता है, वहीं समाजवाद केवल अनुत्पादकता को बढ़ावा देता है।

## स्वास्थ्य समाचार

# चिपचिपे और ऑयली बालों से छुटकारा पाने के आसान उपाय

कुछ लोगों की स्कैल्प ऑयली होती है। ऐसे लोगों को एक ही दिन के बाद दोबारा से हेयर वॉश करने की आवश्यकता पड़ती है। ऑयली हेयर की समस्या होने पर बालों को साफ रखना पड़ता है। ऐसे में बालों को बार बार धोने से भी स्कैल्प से बाल कमजोर हो जाते हैं और टूटने व झड़ने लगते हैं। कुछ लोगों बालों के ऑयल को कम करने के लिए मार्केट में मौजूद प्रोडक्ट का इस्तेमाल करते हैं। जिससे बालों पर हानिकारक प्रभाव पड़ता है। साथ ही इससे बालों की ग्रोथ रूक जाती है। कई बार तो बाजार में उपलब्ध प्रोडक्ट भी ऑयली हेयर पर कोई सकारात्मक प्रभाव नहीं दिखा पाते हैं। ऐसे में आप घरेलू उपायों की मदद से ऑयली बालों की समस्या को कम कर सकते हैं।



### ऑयली समस्या के कारण

बालों में सिबम नाम का प्राकृतिक तेल उत्पन्न होता है, ये त्वचा और बालों को मॉइस्चर करने का काम करता है। जब सिर की स्कैल्प में सिबम नहीं बनता तो बालों में समस्या होने लगती है। चेहरे की त्वचा जब सिबम अतिरिक्त बनने लगता है तो मुंहासों की समस्या उत्पन्न होते हैं। सिबम के अतिरिक्त बनने पर मृत कोशिकाएं चिपक जाती है और इसकी वजह से रोम छिद्र बंद हो जाते हैं और त्वचा में समस्या होने लगती है। इसके अलावा ब्यूटी प्रोडक्ट के इस्तेमाल करने से भी बालों में ऑयल उत्पन्न होने लगता है। खराब प्रोडक्ट भी हेयर को ऑयली करने का कारण बनते हैं।

### ऑयली बालों की समस्या को दूर करने के उपाय

सामान्य तौर पर, ब्यूटी रूटीन में कुछ बदलाव करने से बालों में उत्पन्न होने वाला अतिरिक्त ऑयल कम किया जा सकता है। निम्न उपायों को अपनाने से आप इस ऑयली हेयर की समस्या को कम कर सकते हैं।

### नींबू का रस

नहाते समय बालों में नींबू का रस लगाने से ऑयली हेयर की समस्या कम होती है। इसका उपयोग के लिए आप नहाने से पहले करीब आधा नींबू अपने पास रख लें। बाल धोते समय आप नींबू को बालों की स्कैल्प पर रगड़े। इसके बाद बालों को साफ पानी से धो लें।

### बालों में बार बार कंघी न करें

बालों में बार-बार कंघी या हाथों से सेट करने से सिबम स्रावित करने वाले ग्लैंड एक्टिव होते हैं। जिसकी वजह से सिबम के स्रावित तेजी से होता है और बाल ऑयली हो जाते हैं।

### कंडीशनर का उपयोग सही तरह से करें

नहाने के बाद आप कंडीशनर का उपयोग सही तरह से करें। कंडीशनर को बालों की स्कैल्प पर लगाने की अपेक्षा आप इसे केवल बालों पर ही लगाएं।

### एसेंशियल ऑयल का उपयोग करें

बालों पर एसेंशियल ऑयल के इस्तेमाल से इसके ऑयल को कम किया जा सकता है। एसेंशियल ऑयल की कुछ बूंदों को सिर की स्कैल्प पर लगाएं और इसे हल्के हाथों से मसाज करें। इसके करीब 30 मिनट तक लगा रहने दें। इसके बाद साफ पानी से बालों को धो लें।

### एप्पल साइडर विनेगर

बालों के ऑयल को कम करने के लिए आप एप्पल साइडर विनेगर का इस्तेमाल भी कर सकते हैं। एक कप में एक करीब एक चम्मच एप्पल साइडर विनेगर ले लें। नहाते समय आप अपने बालों को वॉश करने के बाद आप एप्पल साइडर विनेगर के कप वाले पानी से बालों को धो लें।

# फलों का ये कॉम्बिनेशन कभी ना खाएं साथ, सेहत पर पड़ने लगेगा उल्टा असर

फल खाना सेहत के लिए फायदेमंद होता है। सेब, केला, अनार, मौसमी, अंगूर, नींबू ऐसे ही बहुत सारे फल हैं। जिन्हें खाने से सेहत दुरुस्त रहती है। फलों को खाने से कई सारी बीमारीयों में भी आराम मिलता है। अगर आप कई सारे फल एक साथ खाते हैं तो सावधान रहें। फलों के कुछ कॉम्बिनेशन सेहत को फायदा पहुंचाने की बजाय नुकसान करते हैं। जिनके बारे में जानना जरूरी है। बहुत सारे लोगों की आदत होती है फ्रूट चाट बनाकर खाने की. ऐसे में गलत फलों का कॉम्बिनेशन उन्हें बीमार बना सकता है।

**गाजर और संतरा :** अगर आप फ्रूट चाट बनाकर खाते हैं तो गाजर और संतरे को एक साथ कभी ना खाएं। इन दोनों को साथ में खाने से किडनी पर बुरा असर पड़ता है। संतरा और गाजर साथ में खाने से सीने में जलन और पित्त की समस्या होने लगती है।

**केला और अमरूद :** केला और अमरूद दोनों ही सेहत से भरपूर फल हैं और इन्हें खाने से शरीर को फायदा मिलता है।



लेकिन इन दोनों को अगर आप साथ में खाते हैं तो सिरदर्द होने का खतरा रहता है। साथ ही पेट में एसिडिटी और गैस बनने लगती है। इसलिए केला और अमरूद को कभी भी साथ में ना खाएं।

**खुबानी और अनार :** अक्सर लोग फ्रूट चाट में सबसे आखिर में अनार के दानों को मिला देते हैं। लेकिन फ्रूट चाट में खुबानी खा रहे हैं तो साथ में अनार के दानों को हरगिज ना मिलाएं। इन्हें साथ में खाने से पाचन संबंधी दिक्कतें होने लगती हैं और आप खुद को बीमार बना लेंगे।

# कहीं आप स्कैल्प के रूखेपन को डैंड्रफ तो नहीं समझ रहे? ऐसे पहचानें दोनों में अंतर

प्रदूषित वातावरण व पोषण की कमी की वजह से बालों में कई तरह की समस्या होने लगती है। आपने महसूस ही किया होगा कि आपके बाल समय से पहले ही टूटने व झड़ने लगे हैं। बालों की ड्रैंडफ, ड्राई स्कैल्प व पोषण की कमी की वजह से कई तरह की परेशानियां शुरू हो जाती है। बालों के झड़ने व टूटने की वजह से आपको परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। क्योंकि हमने पहले आपको ऐसे कई उपाय बताएं हैं जिनकी मदद से आप घर पर रहते हुए भी बालों को समस्याओं को कम कर सकते हैं। आपको बता दें कि बालों की किसी भी समस्या का समाधान या उपाय करने से पहले आपको उसके सही कारणों का पता होना चाहिए।

**डैंड्रफ के क्या कारण होते हैं :** डैंड्रफ और ड्राई स्कैल्प के बीच के अंतर के समझने से पहले आपको इसके कारणों पर गौर करना होगा। सिर की त्वचा पर कोशिकाएं होती है ये तब बढ़ती है जब इनकी आवश्यकता होती है। कोशिकाएं कुछ समय के बाद मृत हो जाती है। ये प्रक्रिया नियमित रूप से चलती है। लेकिन



जब त्वचा पर ज्यादा मृत कोशिकाएं इकट्ठा होने लगती है तो इससे बालों में डैंड्रफ की समस्या होने लगती है। डैंड्रफ का मुख्य कारण सेबोरहाइक डर्मेटाइटिस होता है, इसमें त्वचा तैलीय, लाल व पपड़ीदार हो जाती है। इसके बाद सिर से सफेद या पीले रंग की पपड़ी निकलने लगती है। इससे ही रूसी या डैंड्रफ कहा जाता है। शरीर में अक्सर मालेसिजिया नामक फंगस भी रूसी के होने की संभावना को बढ़ा देता है। ये फंगस सिर की स्कैल्प पर जमा होता है। ये मृत कोशिकाओं की संख्या को तेजी से बढ़ाता है जिससे डैंड्रफ भी बढ़ने लगती है। आयु, चिंता व हार्मोन आदि कई वजह से ये फंगस त्वचा पर हो सकता है।

**ड्राई स्कैल्प के कारण :** सिर की त्वचा पर जब नमी का स्तर कम हो जाता है तो इससे स्कैल्प में रूखापना आने लगता है। इसे ही ड्राई स्कैल्प कहते हैं। ऐसे में स्कैल्प की त्वचा पपड़ीदार हो जाती है, साथ ही इसमें जलन भी होने लगती है। सर्दियों में जिस तरह से हाथ व पैरों की त्वचा में रूखापन आता है ठीक ऐसे ही सिर की त्वचा पर भी ड्राईनेस आने लगता है। सर्दियों की शुष्क हवा, स्कैल्प में किसी प्रोडक्ट से रिएक्शन, आयु का बढ़ना व नैचुरल ऑयल को कम करने वाले प्रोडक्ट को इस्तेमाल करने से ये समस्या होती है।

**डैंड्रफ और ड्राई स्कैल्प के बीच अंतर :** डैंड्रफ और ड्राई स्कैल्प के बीच के अंतर को आप उनकी स्थिति के आधार पर समझ सकते हैं। डैंड्रफ होने पर आपको सिर की त्वचा पर पपड़ी दिखाई देती है। साथ ही ये बालों से झड़ती भी है। ये पपड़ी के गुच्छे बड़े और तैलीय होते हैं। वहीं ड्राई स्कैल्प में त्वचा में तेल की कमी की वजह से रूखापन आ जाता है।

## आज का राशिफल

### मेष

आज रुका धन मिलेगा। मन की चंचलता पर नियंत्रण रखें। कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति अनुकूल रहेगी। जीवनसाथी पर आपसी मेहरबानी रहेगी। जल्दबाजी में धनहानि हो सकती है। व्यवसाय में वृद्धि होगी। नौकरी में सुकून रहेगा। निवेश लाभप्रद रहेगा। कार्य बनेंगे।

### वृष

स्थायी संपत्ति की खरीद-फरोख्त से बड़ा लाभ हो सकता है। प्रतिद्वंद्विता रहेगी। पार्टनरों का सहयोग समय पर मिलने से प्रसन्नता रहेगी। नौकरी में मातहतों का सहयोग मिलेगा। व्यवसाय ठीक-ठीक चलेगा। आय में वृद्धि होगी। चोट व रोग से बाधा संभव है।

### मिथुन

पार्टी व पिकनिक की योजना बनेगी। मित्रों के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। नौकरी में अनुकूलता रहेगी। शत्रु सक्रिय रहेंगे। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी।

### कर्क

घर-बाहर अशांति रहेगी। कार्य में रुकावट होगी। आय में कमी तथा नौकरी में कार्यभार रहेगा। बेवजह लोगों से कहासुनी हो सकती है। दु:खद समाचार मिलने से नकारात्मकता बढ़ेगी। व्यवसाय से संतुष्टि नहीं रहेगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। जल्दबाज न करें।

### सिंह

प्रयास सफल रहेंगे। किसी बड़े कार्य की समस्याएं दूर होंगी। मित्रों का सहयोग कर पाएंगे। कर्ज में कमी होगी। संतुष्टि रहेगी। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। व्यापार मनोनुकूल चलेगा। अपना प्रभाव बढ़ा पाएंगे। नौकरी में अनुकूलता रहेगी। निवेश शुभ रहेगा। जोखिम व जमानत के कार्य न करें।

### कन्या

दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। व्यवसाय में जल्दबाजी से काम न करें। चोट व दुर्घटना से बचें। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। घर-बाहर स्थिति मनोनुकूल रहेगी। प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। वस्तुएं संभालकर रखें।

### तुला

उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ के योग हैं। भाग्य का साथ मिलेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं। जुए, सट्टे व लॉटरी के चक्कर में न पड़ें। निवेश शुभ रहेगा। प्रमाद न करें।

### वृश्चिक

अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। व्यवस्था नहीं होने से परेशानी रहेगी। व्यवसाय में कमी होगी। नौकरी में नोकझोंक हो सकती है। पार्टनरों से मतभेद हो सकते हैं। थकान महसूस होगी। अपेक्षित कार्यों में विघ्न आएंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे। आय में निश्चितता रहेगी।

### धनु

अज्ञात भय व चिंता रहेंगे। यात्रा सफल रहेगी। नेत्र पीड़ा हो सकती है। लेन-देन में सावधानी रखें। बगैर मांगे किसी को सलाह न दें। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा मनोनुकूल रहेगी। धनार्जन होगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे।

### मकर

नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामजिक कार्य करने की इच्छा जागृत होगी। प्रतिष्ठा वृद्धि होगी। सुख के साधन जुटेंगे। नौकरी में वर्चस्व स्थापित होगा। आय के स्रोत बढ़ सकते हैं। व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। घर-बाहर सहयोग व प्रसन्नता में वृद्धि होगी।

### कुंभ

रुका धन मिलेगा। पूजा-पाठ व सत्संग में मन लगेगा। आत्मशांति रहेगी। कोर्ट व कचहरी के कार्य अनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। मातहतों का सहयोग मिलेगा। किसी सामाजिक कार्यक्रम में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो सकता है।

### मीन

क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। विवाद को बढ़ावा न दें। पुराना रोग बाधा का कारण रहेगा। स्वास्थ्य पर खर्च होगा। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में लापरवाही न करें। छोटी सी गलती से समस्या बढ़ सकती है। व्यवसाय ठीक चलेगा। मित्र व संबंधी सहायता करेंगे। आय बनी रहेगी।

## क्रिकेट प्रशिक्षण शिविर का समापन




निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लाछड़सर स्थित शहीद भगत सिंह स्टेडियम में पिछले चार दिनों से चल रहे 17 वर्षीय 69वीं राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता के प्रशिक्षण शिविर का आज सफलतापूर्वक समापन हो गया। समापन अवसर पर चयन समिति द्वारा चयनित 16 खिलाड़ियों को मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार व्यास ने तिलक लगाकर एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया तथा आगामी प्रतियोगिता में विजेता बनकर लौटने की शुभकामनाएं दीं। दलाधिपति राजेंद्र कुमार शर्मा ने खिलाड़ियों को अपना स्वाभाविक एवं नैसर्गिक खेल दिखाने के लिए प्रेरित किया। चयनित टीम 26 अप्रैल से 1 मई तक महबूबनगर तेलंग में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करेगी। इस अवसर पर सीबीईओ संदीप व्यास, प्रधानाचार्य राजेंद्र शर्मा, सरपंच प्रतिनिधि जगदीश सहू, भामाशाह सत्यनारायण सारण जर्सी भेंटकर्ता, क्रिकेट प्रेमी सिराज मोहम्मद एवं समस्त स्टाफ ने टीम को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। टीम के साथ आठ सदस्यीय अधिकारियों का दल भी रवाना हुआ, जिसमें उप जिला शिक्षा अधिकारी खेल रामुराम बुंदेला, उप प्राचार्य पवन कुमार, शारीरिक शिक्षक प्रताप जाखड़, सादुल स्पोर्ट्स अकादमी के कोच सुरेंद्र पुरोहित, विनय कुलहरि एवं सुमित कुमार वर्मा शामिल हैं। चयनित खिलाड़ियों की सूचीरू भव्य चौधरी कप्तान, खुश भादू, पवित्र जांगिड़, हर्ष अरोरा, हेमंत फेनीन, रुद्राक्ष शर्मा, राधे स्वामी, आयुष रामावत, रॉबिन, आर्यन बघेल, नितिन, रितेश गुर्जर, गुरमन सिंह, रोनित, आशुतोष कुमार प्रजापति, शरद सुथार। कार्यक्रम में ब्लॉक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार व्यास ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## नि:शुल्क मोतियाबिंद शिविर आयोजित



निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** क्षेत्र के विजय आई हॉस्पिटल में नि:शुल्क मोतियाबिंद शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्रशिक्षित डॉक्टर द्वारा मरीजों की जांच की गई। इस दौरान कुल 37 नेत्र रोगियों की जांच की गई, जिनमें से 13 मरीजों का सफलतापूर्वक मोतियाबिंद का ऑपरेशन श्रीमाधोपुर के विजय आई हॉस्पिटल में किया गया। रमेश सैनी ने बताया कि माह के प्रत्येक मंगलवार को मोतियाबिंद के नि:शुल्क कैंप का आयोजन किया जाता है, जिससे क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा मिल सकें व क्षेत्र के लोगों को नि:शुल्क ऑपरेशन के लिये सीकर व जयपुर नहीं जाना पड़े।

शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। इस अवसर पर डॉ रोशन सैनी, डॉ राजेन्द्र प्रसाद नेत्र रोग विशेषज्ञ, डॉ विजय सैनी, डॉ शुभम सैनी, डॉ ज्योति सैनी, शंकर सैनी, ज्योति शर्मा सहित हॉस्पिटल का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## विद्यार्थियों को शिक्षण सामग्री वितरित




निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय श्रीमाधोपुर में जरूरतमंद बच्चों को शिक्षण सामग्री वितरित की गई। समाजसेवक दोस्त फाउंडेशन की ओर से यह पाठ्य सामग्री वितरित की गई। फाउंडेशन के सदस्य विमल पबडी ने बताया कि नि:शुल्क शिक्षण सामग्री अभियान के तहत 18 बच्चों को स्कूली बैग समेत अभियान के तहत बच्चों को शिक्षण सामग्री वितरित की गई। इस अभियान के तहत 140 सरकारी स्कूलों के 16 सौ गरीब बच्चों को शिक्षण सामग्री वितरित की जा रही है। यह अभियान हर साल नए सत्र की शुरुआत में चलाया जाता है। शिक्षण सामग्री में बैग, कॉपिया, ज्योमेट्री बॉक्स एवं पेन पेंसिल के पैकेट वितरित किए गए। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य मुकेश कुमार खाडल ने फाउंडेशन के सदस्यों का स्वागत किया। इस अवसर पर श्रीराम शर्मा समेत अन्य मौजूद रहे।

## गाड़ी टच होने पर बाप-बेटों पर जानलेवा हमला करने वाले दो बदमाश गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी की विद्याधर नगर थाना पुलिस ने गैराज पर पिता और उनके दो बेटों पर लाठी-सरियों से जानलेवा हमला करने के मामले में बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने वारदात में शामिल दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से हमले में प्रयुक्त हथियार भी बरामद कर लिए हैं। पुलिस उपायुक्त उत्तर श्री करण शर्मा ने बताया कि घटना 18 अप्रैल की है। परिवादी अपने गैराज के सामने गाड़ी ठीक कर बैक ले रहा था, तभी एक तेज रफ्तार स्विफ्ट कार वहां आई और उसकी गाड़ी से हल्की टच हो गई। जब परिवादी ने नीचे उतर कर देखा, तो कार सवार व्यक्ति गाली-गलौज करता हुआ चला गया। कुछ ही देर बाद वह व्यक्ति स्विफ्ट कार और बाइकों पर करीब 15-20 बदमाशों को लेकर वापस लौटा और परिवादी व उसके दो बेटों-राहुल सैनी व मनीष सैनी पर लाठी, डंडों और सरियों से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में पिता और दोनों बेटों के सिर व पैरों पर गंभीर चोटें आईं। मामले की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त बजरंग सिंह शेखावत और एसीपी सुरेंद्र सिंह के सुपरविजन में थानाधिकारी हिम्मत सिंह के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। टीम ने घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और तकनीकी सहायता से आरोपियों की पहचान कर अंकित यादव 25 निवासी नारायण विहार जयपुर और अभिषेक यादव 22 निवासी बिंदायका जयपुर को गिरफ्तार किया है। इस त्वरित खुलासे में थानाधिकारी हिम्मत सिंह के साथ एएसआई देवीलाल, हेड कांस्टेबल अशोक कुमार, कांस्टेबल सोहन लाल और सुमेर सिंह की विशेष भूमिका रही। पुलिस अब गिरफ्तार आरोपियों से उनके अन्य साथियों के बारे में गहन पूछताछ कर रही है, जो वारदात के समय उनके साथ मौजूद थे।

# क्रय विक्रय सहकारी समिति में किसानों के अनाज से भरे वाहन सड़कों पर खड़े

## आरोप- बिना पैसे दिए नहीं हो रही मंडी में उनके अनाज की तुलवाई

निसं



**तारानगर ( नवयत्न )।** तारानगर के किसानों ने क्रय विक्रय सहकारी समिति व ठेकेदार पर मनमानी व भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। किसानों का कहना है कि तारानगर में अन्नदाता के साथ घोर अन्याय हो रहा है। मंडी में किसानों के चने की तुलवाई के नाम पर पैसा लेते है जो किसान पैसा नहीं देता है उनके अनाज से भरे वाहन कई दिनों तक लाइनो में खड़े रहते है। किसानों का कहना है कि सारा काम सोसायटी का होता है जो ठेकेदार कर रहा है ठेकेदार ने दलाल छोड़ रखें है जो किसानों से पैसे मांगते है बिना पैसे के तुलवाई नहीं होती है। किसानों ने यह भी आरोप लगाया है मंडी में निजी दुकानों में सरकारी बारदाने में अनाज की पैकिंग होती है। मंगलवार रात्रि को किसानों ने राहुल ट्रेडिंग कंपनी के नाम की निजी दुकान में पलदारों को सरकारी बारदाने में चना पैक कर रहे किसानों ने रंगे हाथों पकड़ा एवं किसानों द्वारा विरोध करने उक्त लोगों ने किसानों पर गाड़ी चढ़ाने का प्रयास किया एवं गाड़ी लेकर भाग गया जिसका पीछा करते हुए मंडी के बाहर कुछ दुरी पर गाड़ी को रुकवा लिया, गाड़ी को खाडी करवा ली।

किसानों ने ये भी आरोप लगाया है कि जो किसान पैसा देते है उनके अनाज की तुलवाई ये लोग देर रात तक करते है। किसानों ने कहा हमारे साथ अत्याचार हो रहा प्रशासन कुम्भकर्ण की नींद सो रहा है जो बेहद शर्म की बात है। किसानों ने चेतावनी दी है कि अगर ऐसे ही होता रहा तो हमें मजबूरन सड़कों पर उतरना पड़ेगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

## सिविल सर्विसेज डे पर डिबेट कॉम्पिटिशन आयोजित




सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** पालवास रोड, सीकर स्थित प्रिंस कॉलेज में सिविल सर्विसेज डे पर डिबेट कॉम्पिटिशन का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का मुख्य विषय सिविल सर्विसेज के लिए अधिकतम आयु सीमा रहा, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा पक्ष व विपक्ष में अपने विचार प्रस्तुत किये। तय आयु सीमा के पक्ष में विचार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों ने कहा कि 32 वर्ष की निर्धारित आयु सीमा उम्मीदवारों को पर्याप्त समय और अनुभव प्रदान करती है, जिससे वे बेहतर निर्णय लेने में सक्षम होते हैं। वहीं विपक्ष में विचार व्यक्त करते हुए छात्रों ने इसे एक बाधा बताते हुए तर्क दिया कि अधिकतम आयु सीमा से चयन प्रक्रिया धीमी हो जाती है और युवा प्रतिभाओं को समय पर अवसर नहीं मिल पाता। डिबेट में प्रिंस कॉलेज कॉर्डिनेटर अनिल शर्मा व असिस्टेंट प्रोफेसर साक्षी शर्मा ज्यूरी मेंबर रहे, जिन्होंने सभी प्रतिभागियों के आत्मविश्वास, तार्किक सोच एवं प्रस्तुति कौशल की सराहना की। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रही प्रिया खेरिया, द्वितीय स्थान सुधांशी गौतम एवं तृतीय स्थान अविष्का को नकद पुरस्कार व मेडल देकर सम्मानित किया गया।

## पंचायती राज स्थापना दिवस पर सांसद ओला करेंगे शंखनाद

संजय सोनी



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** पंचायती राज स्थापना दिवस के अवसर पर राजस्थान में लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करने तथा पंचायत राज एवं नगर निकाय चुनाव शीघ्र कराने की मांग को लेकर राजीव गांधी पंचायती राज संगठन की ओर से गुरुवार को शंखनाद किया जाएगा। यह कार्यक्रम सुबह 10 बजे माननगर स्थित सांसद कार्यालय में आयोजित होगा। कार्यक्रम में झुंझुनूं लोकसभा सांसद बृजेंद्र सिंह ओला मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। जिला अध्यक्ष विजय मील ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेशाध्यक्ष सीबी यादव करेंगे जबकि राजस्थान प्रभारी रीना वाल्मीकि, कार्यकारी अध्यक्ष सुभीता सिगड़ और प्रदेश उपाध्यक्ष रणजीत चंदेलिया विशिष्ट अतिथि होंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में जिले के सभी विधायक, पूर्व विधायक एवं विधायक प्रत्याशी भी शामिल होंगे। इसके अलावा पंचायती राज एवं नगर निकायों के जनप्रतिनिधियों के साथ बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। संगठन की ओर से इस आयोजन के माध्यम से राज्य में स्थानीय निकाय चुनाव जल्द कराने की मांग को प्रमुखता से उठाया जाएगा।

## एनर्जी क्रिकेट लीग का शुभारम्भ

निसं



**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** केसीसी के नेहरू मैदान में मंगलवार शाम बिजली विभाग की ओर से छह दिवसीय एनर्जी क्रिकेट लीग प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। उद्घाटन समारोह की मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष पूनम धर्मपाल गुर्जर थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुनील चौहान ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में जुल्फीकार अली, समाजसेवी बबलू अवाना एवं मोहनलाल स्वामी मौजूद रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय के साथ फीता काटकर प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया। आयोजक एक्सईएन मोहनलाल स्वामी ने बताया कि प्रतियोगिता में खेतड़ी टाउन, खेतड़ी नगर, खेतड़ी खंड, बबाई, बुहाना एवं आरवीपीएनएल की छह टीमें भाग ले रही हैं। प्रत्येक टीम के दो-दो लीग मुकाबले खेले जाएंगे। मुख्य अतिथि पूनम धर्मपाल गुर्जर ने कहा कि बिजली विभाग के कर्मचारी हर मौसम और हर परिस्थिति में आमजन को बिजली उपलब्ध कराने का कार्य करते हैं। ऐसे कर्मचारियों के लिए खेल प्रतियोगिताएं तनाव कम करने, स्वास्थ्य बेहतर रखने और आपसी समन्वय बढ़ाने का अच्छा माध्यम हैं। एसडीएम सुनील चौहान ने कहा कि बिजली विभाग जनसेवा से जुड़ा महत्वपूर्ण विभाग है, जिसके कर्मचारी दिन-रात मेहनत कर व्यवस्था संभालते हैं। इस प्रकार के आयोजन कर्मचारियों में नई ऊर्जा, टीम भावना और कार्यक्षमता बढ़ाने में सहायक होते हैं। उद्घाटन मुकाबला खेतड़ी टाउन और खेतड़ी नगर के बीच खेला गया। खेतड़ी टाउन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 15 ओवर में 79 रन बनाए। जवाब में खेतड़ी नगर की टीम ने बिना विकेट गंवाए लक्ष्य हासिल कर 10 विकेट से शानदार जीत दर्ज की। प्रतियोगिता की पहली फिफ्टी खेतड़ी नगर के पवन गुर्जर ने लगाई। नरेंद्र कुमार को नौ रन पर तीन विकेट लेने पर मैन ऑफ द मैच चुना गया। प्रतियोगिता का दूसरा मुकाबला बुधवार को बबाई एवं बुहाना के बीच खेला गया। बबाई ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए कमलेश मीणा के 35 बोल में 48 रनो के योगदान से 15 ओवर में आठ विकेट के नुकसान पर 133 रन बनाए। जवाब में बुहाना छह विकेट के नुकसान पर 99 रन ही बना पाई, बबाई 34 रनों से पहला मुकाबला जीत लिया। कमलेश मीणा को मैन ऑफ द मैच चुना गया। इस मौके पर राजवीर सिंह, व्यवस्थापक संजीव गुर्जर, घनश्याम, सह-व्यवस्थापक सुरेंद्र ढाका सहित अन्य मौजूद रहे।

# पृथ्वी दिवस पर पर्यावरण संरक्षण एवं हरीतिमा संवर्धन का लिया संकल्प

निसं



**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** अणुव्रत समिति के तत्वावधान में विश्व पृथ्वी दिवस स्थानीय नवोदयन किड्स स्कूल में मनाया गया। स्कूल निदेशक रामचंद्र पारीक ने बताया कि मां शारदे की पूजा से प्रारंभ हुए कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने मनभावन प्रस्तुतियों से पर्यावरण संरक्षण की अलख जगाई व हरीतिमा संवर्धन का संकल्प लिया। अणुव्रत समिति के अध्यक्ष कुलदीप व्यास के सान्निध्य में हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा के अध्यक्ष मोतीलाल तातेड़ एवं विशिष्ट अतिथि अणुव्रत समिति के उपाध्यक्ष अरुण रामगढ़िया व सह मंत्री नरेंद्र सांकृत्य मंचस्थ थे। पृथ्वी दिवस की उपादेयता अपने स्वरचित गीत से समझाते हुए कुलदीप व्यास ने कहा कि पृथ्वी सुरक्षित रहने पर ही जीवन सुरक्षित रह पाएगा अत: इस पर ध्यान देना पृथ्वी पर रहने वाले प्रत्येक प्राणी की जिम्मेदारी है। मोतीलाल तातेड़ ने जहां पानी व बिजली के अपव्यय को रोकने की सलाह दी वहीं अरुण रामगढ़िया ने प्रदूषण से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दी। नरेंद्र सांकृत्य ने थ्रीन आर का ध्यान रखने से होने वाले लाभ बताए। इस अवसर पर विक्रम सिंह, लक्ष्य पारीक, ऋषभ, खुशी राठौड़, कनक प्रजापत, तनु बेनीवाल, दीपिका, पलक, पायल, जीविका, आयुष जाखड़, खुशवीर सिंह आदि विद्यार्थियों ने पर्यावरण सुरक्षा संबंधी चार्ट्स बनाए तथा विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया। संस्था निदेशक रामचंद्र पारीक ने पर्यावरण सुरक्षा हेतु संस्था स्तर पर संचालित गतिविधियों के बारे में बताया। कार्यक्रम में सरला शर्मा, यामिनी वर्मा, पूजा प्रजापत, कोमल मीणा तथा अभिभावकगण उपस्थित थे।

## राहगीरों के लिए की पीने के ठण्डे पानी की व्यवस्था



निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ नागरिक परिषद कोलकाता ने शहर के विभिन्न स्थानों पर राहगीरों के लिए पीने के ठन्डे पानी की व्यवस्था की है । इसी क्रम में गढ़ परिसर में प्याऊ का शुभारंभ सुरेंद्र कौशिक अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश व अरुण जागिड़ अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने किया। इस मौके पर बार के अध्यक्ष प्रमोद इन्दोरिया, एडवोकेट कमल सोनी, निर्मल भुढाढरा, अनिल सोनी, जयकांत बिवाल, निरनाराम बिस्सू, टेकचंद कटारिया व बहुत से अधिवक्तागण मौजूद थे । रतनगढ़ नागरिक परिषद के स्थानीय प्रतिनिधि एडवोकेट रजनीकांत सोनी ने बताया कि अब तक शहर में में रेलवे स्टेशन, रामचन्द्र पार्क, धानुका कुएं के पास, राजलदेसर बस स्टैंड, पंचायत सीमित रोड, सब्जी मंडी, बाजोरिया स्कूल, मुख्य बस स्टैंड एराजकीय अस्पताल आदि स्थानों पर ठंडे पानी पीने की व्यवस्था की है व आगे जहाँ भी जरूरत होगी परिषद पीने के पानी की व्यवस्था करेगा । इसके अलावा जहां पीने के पानी की किल्लत हो परिषद टेंकर से पानी पहुंचाएगी।

## नृसिंह मंदिर के पाटोत्सव पर भागवत कथा महोत्सव आज से

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** भगवान श्री नृसिंह देव मंदिर पुरानी बस्ती, बगरू वालों का रास्ता में पाटोत्सव के अवसर पर श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव का आयोजन 23 अप्रेल से 30 अप्रेल तक आयोजित किया जाएगा। मंदिर के पीठाधीश्वर, महंत और भागवत कथा मर्मज्ञ अवधेश दास महाराज बंसी वाले ने बताया कि आयोजन का शुभारंभ 23 अप्रैल को कलश स्थापना के साथ होगा। यह आयोजन अनंत विभूषित भागवताचार्य रामदुलारे दासजी महाराज की प्रेरणा से आयोजित किया जा रहा है। इस मौके पर सात दिवसीय भागवत कथा महोत्सव में रोजाना भक्तों के समक्ष दोपहर 2:00 बजे से सायं 6:30 तक प्रवचन, भजन, आरती सहित अन्य आयोजन होंगे। भगवान नृसिंह देव सहित अन्य सभी देवों की विशेष झांकियां सजाई जाएगी। आयोजन की तैयारी शुरू हो चुकी है। कथा आयोजन के मनोरथी रामेश्वर प्रसाद खंडेलवाल लवाण वाले, एकता, राधा गोविंद एवं वैष्णव भक्तों की और से सात दिवसीय भागवत कथा महोत्सव में रोजाना सेवा कार्य के साथ ही भक्तों का मार्गदर्शन किया जाएगा। पुष्कर दास महाराज ने बताया कि मंदिर परिसर को विशेष रूप से बांदरवाल, रंगीन लाइट, फूल पत्तों और अन्य सजावट कर भागवत महोत्सव के लिए सजाया जा रहा है। वहीं 30 अप्रैल को सुबह 8 बजे से मंदिर परिसर में भगवान के भजनों के साथ ही विशेष बधाईगान का आयोजन होगा। इसमें अनेक भजन गायक व स्थानीय लोग अपनी प्रस्तुति देकर भगवान को रिझाएंगे। भागवत कथा मर्मज्ञ अवधेश दास महाराज ने बताया कि यह महोत्सव नृसिंह देव भगवान के दरबार में मंदिर की स्थापना से आयोजित किया जा रहा है। महोत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहेंगे साथ ही जयपुर सहित प्रदेश भर से संत-महंत एवं गणमान्य लोग भी आयोजन के साक्षी होंगे।

आयोजन में रोजाना भक्तों को सभी प्रसंगों पर विशेष संगीतमय प्रस्तुतियों के साथ भागवत कथा का मर्म समझाया जाएगा। कथा महोत्सव के विश्राम पर 30 अप्रैल को भगवान के दरबार में हवन पूजन के साथ ही 1156 प्रकार के विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाया जाएगा। इसके साथ ही सुबह 10:00 बजे से मंदिर परिसर में भक्तों के लिए भंडारा प्रसादी का आयोजन होगा।

# वर्ल्ड अर्थ डे पर जागरूकता रैली, नुक्कड़ नाटक और बेस्ट आउट ऑफवेस्ट प्रदर्शनी आयोजित

निसं




**जयपुर ( नवयत्न )।** नगर निगम जयपुर की ओर से वर्ल्ड अर्थ डे के अवसर पर शहर में पर्यावरण संरक्षण को लेकर व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। रावत पब्लिक स्कूल, अक्षेंद्र वेलफेयर सोसायटी एवं नगर निगम के संयुक्त तत्वावधान में निकाली गई विशाल रैली में करीब 700 से अधिक विद्यार्थियों, निगम कर्मियों और वॉलंटियर्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली के दौरान एन.आर.आई. सर्किल पर विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। वहीं हरी-भरी वसुधा कार्यक्रम के अंतर्गत वेस्ट मटेरियल से बने परिधानों का फैशन शो, सेव अर्थ थीम पर नृत्य और बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जगतपुरा जोन की उपायुक्त ममता नागर ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए इस तरह की पहल अत्यंत जरूरी है। साथ ही परिंडा अभियान के तहत पक्षियों के लिए पानी के पात्र भी स्थापित किए गए। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने पृथ्वी संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर रावत एजुकेशनल ग्रुप के निदेशक नरेंद्र सिंह रावत, विद्यालय की प्राचार्या मैत्रेयी शुक्ला सहित नगर निगम की पीआईयू टीम की अंजू सूर्यवंशी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## परशुराम जन्मोत्सव : जयपुर में आज शस्त्र-शास्त्र पूजन

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर आयोजित भगवान परशुराम जन्मोत्सव के तहत गुरुवार को राजधानी जयपुर में शस्त्र एवं शास्त्र पूजन का भव्य आयोजन किया जाएगा। सर्व ब्राह्मण महासभा के तत्वावधान में यह कार्यक्रम विद्याधर नगर क्षेत्र में आयोजित होगा। महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. सुरेश मिश्रा ने बताया कि भगवान परशुराम जन्मोत्सव समारोह 12 अप्रैल से शुरू होकर 26 अप्रैल 2026 तक श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को समाज की परंपरा और वीरता के प्रतीक शस्त्र तथा ज्ञान के प्रतीक शास्त्र का विधि-विधान से पूजन किया जाएगा। जयपुर संभाग युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष दिनेश शर्मा ने बताया कि यह कार्यक्रम सुबह 9:30 बजे शिवम टेक्सटाइल, विद्याधर नगर स्टेडियम के सामने आयोजित होगा। इस अवसर पर ब्राह्मण समाज के प्रबुद्धजन, संत-महात्मा, आध्यात्मिक गुरु और संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। वहीं कार्यक्रम का उद्देश्य युवा पीढ़ी को भगवान परशुराम के आदर्शों, धर्म, पराक्रम और ज्ञान के महत्व से अवगत कराना है।



# खांसी के सिरप समेत 7 दवाइयां मिली अमानक

## बेचने पर रोक लगाई गई, पेट के कीड़े मारने की दवा भी शामिल



जयपुर।

राजस्थान ड्रग कंट्रोल डिपार्टमेंट ने 7 अलग-अलग कंपनियों की दवाइयां जांच में अमानक मानी हैं। इसमें बैक्टीरियल इन्फेक्शन को खत्म करने वाली सीरप, खांसी का सीरप, गठिया रोग आदि में उपयोग आने वाली दवाइयां शामिल हैं। डिपार्टमेंट के ड्रग कंट्रोलर अजय फाटक ने बताया- इन दवाईयों के सैंपल 1 से 15 अप्रैल के बीच अलग-अलग जगहों से लिए गए है। इन सभी के सैंपल की जांच रिपोर्ट आई है। इसमें 7 दवाईयों के सैंपल अमानक मिले है। उन्होंने बताया- इनमें दो दवाइयां तो ऐसी हैं, जो बैक्टिरियल इंफेक्शन को खत्म करने के उपयोग में ली जाती है। वहीं, एक एंटीबायोटिक्स, एक खांसी की सीरप समेत अन्य दवाइयां हैं।

### इन दवाईयों के सैंपल निकले अमानक

- मैसर्स लार्क लेबोरेट्रीज (इंडिया) लि. (भिवाड़ी अलवर) की बनाई 'लोरामिक्स सिरप'(सेफिक्साइम ओरल सस्पेंशन)। ये सिरप बैक्टीरियल इन्फेक्शन को खत्म करने में उपयोग आती है।
- मैसर्स अफ्फी पेरेंटरल (सोलन, हिमाचल प्रदेश) की बनाई एल्बेंडाजोल टैबलेट। जो पेट में कीड़ों को खत्म करने में उपयोग ली जाती है।
- मैसर्स डिजीटल मिशन और मैसर्स अक्कोवैल फार्मा प्रा.लि. की बनाई 'आईसटोकफ-एलएस' (एम्ब्रोक्सोल, लेवोसल्बुटामोल और गुआइफेनेसिन)। ये सीरप खांसी कम करने और कफ निकालने में उपयोग ली जाती है।
- मैसर्स यूनाइटेड बायोस्युटिकल्स प्रा. लि. (हरिद्वार) की बनाई 'मिथाइलप्रेडनिसोलोन-4' (मिथाइलप्रेड्निसोलोन)। ये एक तरह का स्टेरॉयड है। जो सूजन कम करने, गठियां रोग के इलाज में उपयोग की जाती है।
- मैसर्स टक्सा लाइफसाइंसेज प्रा. लि. (मोहाली, पंजाब) की बनाई 'ओकुफ-डीएक्स' (डेक्स्ट्रोमेथॉर्फन, क्लोरफेनिरामाइन)। ये सीरप सूखी खांसी के इलाज में उपयोग किया जाता है।
- मैसर्स वीएडीएसपी फार्मास्युटिकल्स (बिद्दी, हिमाचल प्रदेश) की बनाई 'एक्सटेंसिव-500' (सेफुरोक्सिम एसेटिल)। जो लेट बैक्टीरियल इंफेक्शन को खत्म करने के काम में आती है।
- मैसर्स ओमेगा फार्मा (हरिद्वार) की बनाई 'सिप्रोफ्लोक्सासिन 500' ये एक एंटीबायोटिक दवाई है।

# बाबा केदारनाथ धाम के खुले कपाट

## सीएम धामी ने पहुंच कर प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की



नई दिल्ली।

केदारनाथ धाम के कपाट खुल चुके हैं। जहां बुधवार को श्रद्धा, आस्था और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला, जब भगवान बाबा केदारनाथ के कपाट विधि-विधान के साथ श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। इस पावन अवसर पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी केदारनाथ धाम पहुंचे और पूजा-अर्चना में भाग लिया।

कपाट खुलने के शुभ अवसर पर मुख्यमंत्री धामी ने पूरे विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ बाबा केदार की विशेष पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने संकल्प लेकर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम से प्रथम पूजा अर्पित की। मुख्यमंत्री ने भगवान भोलेनाथ से प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और कल्याण की कामना की।

कपाट खुलने के ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बनने के लिए देश-विदेश से हजारों श्रद्धालु केदारनाथ धाम पहुंचे। जैसे ही मंदिर के कपाट खुले, पूरा परिसर 'हर-हर महादेव' के जयघोष से गूंज उठा और वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं के चेहरों पर आस्था और उल्लास साफ झलक रहा था। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि केदारनाथ धाम सहित चारों धाम उत्तराखंड की आध्यात्मिक पहचान हैं और राज्य सरकार तीर्थयात्रियों को सुरक्षित, सुगम और व्यवस्थित यात्रा का अनुभव कराने के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि यात्रा व्यवस्थाओं की वह स्वयं नियमित समीक्षा कर रहे हैं ताकि किसी भी श्रद्धालु को असुविधा न हो।

मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि यात्रा मार्गों, स्वास्थ्य सेवाओं, पेयजल, स्वच्छता और सुरक्षा व्यवस्थाओं को उच्च स्तर पर बनाए रखा जाए। उन्होंने यह भी कहा कि श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए सभी आवश्यक प्रबंध समय से सुनिश्चित किए जाएं। इस पावन अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बाबा केदारनाथ का आशीर्वाद सभी पर बना रहे और उत्तराखंड निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर रहे।

वहीं, सीएम धामी ने केदारनाथ धाम के कपाट खुलने के शुभ अवसर पर पीएम मोदी द्वारा सोशल मीडिया एक्स पर किए गए पोस्ट पर आभार जताया। उन्होंने कहा, चारधाम यात्रा न केवल आस्था का प्रतीक है, बल्कि यह हमारी सनातन संस्कृति, परंपरा और राष्ट्रीय एकता को भी सशक्त बनाती है। आपके मार्गदर्शन और प्रेरणा से हम सभी श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षित, सुव्यवस्थित और दिव्य यात्रा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम सभी प्रदेशवासी और विश्व भर से आने वाले श्रद्धालु आपके द्वारा दिए गए संकल्पों को आत्मसात कर चारधाम यात्रा-2026 को दिव्य व भव्य बनाएंगे।

# पश्चिम बंगाल में पहले चरण के मतदान की तैयारी पूरी, कड़े सुरक्षा इंतजाम

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। गुरुवार को होने वाले इस चरण में करीब 3.6 करोड़ मतदाता 16 जिलों की 152 सीटों पर लगभग 44,000 मतदान केंद्रों पर अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।



### दो चरणों में चुनाव, सुरक्षा पर खास फोकस

इस बार चुनाव दो चरणों में कराए जा रहे हैं, जबकि 2021 में आठ और 2016 में छह चरणों में मतदान हुआ था। चरण कम होने के बावजूद सुरक्षा के लिहाज से अभूतपूर्व इंतजाम किए गए हैं और सख्त नियम लागू किए गए हैं।

### टीएमसी-भाजपा के बीच सीधा मुकाबला

कम से कम 80 सीटों पर तृणमूल कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी के बीच सीधा मुकाबला माना जा रहा है। वहीं कुछ सीटों पर बहुकोणीय मुकाबला भी देखने को मिल सकता है, जहां लेफ्ट फंट और कांग्रेस अलग-अलग मैदान में हैं।

### इन जिलों में होगा मतदान

पहले चरण में दार्जिलिंग, कालीम्पोंग, जलपाईगुड़ी, अलीपुरद्वार, कूचबिहार, उत्तर व दक्षिण दिनाजपुर, मालदा, मुर्शिदाबाद, बीरभूम, पश्चिम बर्धमान, पुरुलिया, बांकुड़ा, झाड़ग्राम, पश्चिम व पूर्व मिदनापुर समेत 16 जिलों में मतदान होगा। इस चरण में कुल 1,478 उम्मीदवार मैदान में हैं।

### 2.4 लाख से ज्यादा सुरक्षाकर्मी तैनात

चुनाव आयोग ने कड़े सुरक्षा इंतजाम किए हैं। करीब 2,407 केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) की कंपनियां, जिनमें 2.4 लाख से अधिक जवान शामिल हैं, तैनात किए गए हैं।

### 7,000 से ज्यादा संवेदनशील बूथ

कुल 7,384 मतदान केंद्रों को 'अति संवेदनशील' या 'क्रिटिकल' घोषित किया गया है। इसके अलावा क्विक रिएक्शन टीम भी तैनात की गई हैं, ताकि किसी भी आपात स्थिति से निपटा जा सके।

# सुप्रीम कोर्ट बोला- हिंदू एकजुट रहें, संप्रदायों में बंटे नहीं

## वे हमारे मंदिर नहीं आ सकते, हम उनके मंदिर में नहीं जा सकते, ऐसे में कमजोर हो जाएंगे


नई दिल्ली।

सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को सबरीमाला मंदिर में महिलाओं की एंट्री और धार्मिक भेदभाव से जुड़े मामले में सुनवाई हुई। जस्टिस वीबी नागरत्ना ने कहा, हिंदू समाज को एकजुट होना चाहिए। दो संप्रदायों में बंटना नहीं चाहिए। वे हमारे मंदिर नहीं आ सकते, हम उनके मंदिर में नहीं जा सकते। यह सोच सही नहीं है। अगर कोई संप्रदाय अपने मंदिर को दूसरों के लिए नहीं खोलता, तो वह कमजोर हो जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने यह बात ट्रावणकोर देवस्वम बोर्ड के वकील राकेश द्विवेदी की उस बात पर कही, जिसमें कहा गया था कि जहां एक संप्रदाय को दूसरे संप्रदाय के मंदिर में पूजा करने से रोका जा रहा है, जबकि वे वहां जाते भी नहीं। यदि वे जाना चाहें, तो क्या इसे सामाजिक सुधार के तहत सही ठहराया जा सकता है। अगर राज्य चाहे कि अन्य संप्रदायों के लोगों को भी अनुमति दी जाए, तो वह सुधार के रूप में कानून बना सकता है।

### धार्मिक आस्था के 66 मामले

सुप्रीम कोर्ट में 9 जजों की संवैधानिक बेंच सबरीमाला मंदिर में महिलाओं की एंट्री से जुड़े मामले पर सुनवाई कर रही है। इसके साथ धार्मिक आस्था के 66 मामले और जुड़े हैं। केरल हाईकोर्ट ने 1991 में सबरीमाला में मासिक धर्म वाली महिलाओं (10-50 साल) की एंट्री पर रोक लगाई थी। सुप्रीम कोर्ट ने 2018 में बैन हटा दिया। फैसले के खिलाफ कई पुनर्विचार याचिकाएं लगाई गईं, जिसपर अब सुनवाई हो रही है। मंदिर प्रशासन महिलाओं की एंट्री का विरोध कर रहा है।





# जेजेएम घोटाले में हो रही सख्त कार्रवाई, पेपरलीक के आरोपी सलाखों के पीछे : मुख्यमंत्री शर्मा

जयपुर।

मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश के विकास का रोडमैप बनाया है, जिसके अनुरूप पानी और बिजली जैसी बुनियादी सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कार्य किया जा रहा है। जनकल्याण के जो भी वादें किए हैं, उन्हें पूरा करते हुए हर क्षेत्र को समग्र विकास की सौगातें दी जा रही हैं।

उन्होंने कहा कि विकसित भारत-विकसित राजस्थान के लक्ष्य के क्रम में युवा, महिला, किसान और मजदूर का कल्याण सुनिश्चित किया जा रहा है। श्री शर्मा बुधवार को जोधपुर के ओसियां में विकास कार्यों के लोकार्पण और शिला-?यास समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने शिक्षा, स्वास्थ्य, विद्युत, सड़क सहित विभिन्न क्षेत्रों के 416 करोड़ रुपये से अधिक विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। उन्होंने ओसियां उपखण्ड मुख्यालय पर खेल स्टेडियम के निर्माण के साथ ही नेतरा और पिचकीबेरा में 33 केवी के जीएसएस के स्थापना की घोषणा भी की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के सबका साथ, सबका विकास% के मूलमंत्र के अनुरूप राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाने के लिए समर्पण भाव के साथ कार्य कर रही है। किसान समृद्ध और खुशहाल बने, इसी क्रम में किसान सम्मान निधि की राशि बढ़ाकर 9 हजार रुपये की गई है। वहीं, हम किसानों को गेंहू की खरीद पर 150 रुपये का अतिरिक्त बोनस भी दे रहे हैं। उन्होंने आह्वान किया कि किसान आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाए और समृद्ध बने। इसी कड़ी में राज्य सरकार जयपुर में 23 से 25 मई तक ग्राम-2026 का आयोजन भी कर रही है।

श्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत देश में सबसे ज्यादा 2 करोड़ 19 लाख पॉलिसी जारी की गई हैं तथा 6 हजार 500 करोड़ रुपये से अधिक के क्लेम वितरित किए हैं। वहीं, पीएम कुसुम योजना के तहत 65 हजार सोलर पंप सेट स्थापित करने के लिए 1 हजार करोड़ रुपये से अधिक का अनुदान दिया गया है। उन्होंने राजस्थान सहकारी गोपाल क्रेडिट कार्ड ऋण योजना, मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के लाभों और उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि आज प्रदेश के 24 जिलों में किसानों को दिन के समय में बिजली मिल रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार रामजल सेतु लिंक परियोजना, यमुना जल समझौता, इंदिरा गांधी नहर एवं गंगनहर का सुदृढ़ीकरण, देवास परियोजना का विस्तार, सोम-कमला-अंबा एवं ब्राह्मणी नदी से संबंधित परियोजनाओं को साकार करने का काम रही हैं। जोधपुर, पाली और सिरोही सहित सभी क्षेत्रों को पर्याप्त पानी की उपलब्धता सुनिश्चित कर रही है।

उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन घोटाले में भ्रष्टाचार और अनियमितताओं में लिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध राज्य सरकार कठोर कार्रवाई कर रही है। श्री शर्मा ने कहा कि पेपरलीक के मामलों में सख्त कार्रवाई करते हुए 400 से अधिक व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य कार्यकाल में एक भी पेपर लीक नहीं हुआ है। अब तक युवाओं को 1.25 लाख से अधिक सरकारी पदों पर नियुक्तियां दी गई हैं। इसी प्रकार 1.35 लाख से अधिक पदों पर भर्तियां प्रक्रियाधीन हैं। वहीं, 1.25 लाख से अधिक पदों पर भर्तियों का कैलेण्डर जारी किया है। उन्होंने कहा कि पचपदरा स्थित एचपीसीएल रिफाइनरी औद्योगिक विकास का प्रतीक है। एचपीसीएल रिफाइनरी में उद्घाटन से पूर्व दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई। इस अवसर पर श्री शर्मा ने विधायक श्री भैराराम सियोल के माता-पिता की प्रतिमा का अनावरण किया। उन्होंने ओसियां विकास दर्शन पुस्तिका का विमोचन भी किया। कार्यक्रम में संसदीय कार्य मंत्री श्री जोगाराम पटेल, उद्योग एवं वाणिज्य राज्यमंत्री श्री के.के. विश्नोई, सांसद श्री पी.पी. चौधरी, श्री राजेन्द्र गहलोत, विधायक श्री बाबू सिंह राठौड़, श्री पब्बाराम विश्नोई, श्री अर्जुन लाल, श्री देवेन्द्र जोशी, जीव-जन्तु कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष श्री जसवंत सिंह विश्नोई सहित अन्य जनप्रतिनिधि, श्रद्धेय संतगण एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

# समर्थन मूल्य पर किसान करवा रहे चने की फसल तुलाई

निसं



**सरदारशहर (नवयत्न)।** सरदारशहर कृषि उपज मंडी में एक बार फिर किसानों की रौनक देखने को मिल रही है। इस बार क्षेत्र में सरसों और चने की अच्छी उपज हुई है। सरकार की ओर से कृषि उपज मंडी में सरसों और चने की समर्थन मूल्य पर खरीद शुरू कर दी गई है। वही चने के भाव समर्थन मूल्य पर ज्यादा मिलने के कारण किसान चने की फसल लेकर आ रहे हैं और समर्थन मूल्य पर बेच रहे हैं। इसी प्रकार सरसों के भाव बाजार में ज्यादा है तो वही समर्थन मूल्य पर कम है, इसलिए किसान सरसों को बाजारों में बेच रहे हैं। जिसके चलते समर्थन मूल्य पर एक किसान ने भी सरसों की तुलाई अब तक नहीं करवाई है। क्रय विक्रय सहकारी समिति के सेल्समैन कुलदीप व मेहला ट्रेडिंग कंपनी के ठेकेदार रफीक खान ने बताया कि सरसों के बाजार भाव ज्यादा है इसलिए किसान सरसों के उपज समर्थन मूल्य पर नहीं बेच रहा है। वहीं उन्होंने बताया कि चने की तुलाई के लिए अब तक कुल 850 रजिस्ट्रेशन हुए हैं और अभी भी रजिस्ट्रेशन जारी है। उन्होंने कहा कि 470 टोकन अब तक जारी कर दिए गए हैं जिनमें से 142 किसानों ने अपने चने की उपज की तुलवाई करवा दी है। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन 50 टोकन राजफेड द्वारा जारी किए जा रहे हैं। जो किसान यहां पर अपने चने की फसल लेकर आ रहा है तुरंत उसके फसल की तुलाई की जा रही है। वहीं किसानों ने बताया कि बाजार में चने के भाव 5000 से 5200 रुपये प्रति क्विंटल तक है और समर्थन मूल्य पर 5875 रुपए प्रति क्विंटल है इसलिए समर्थन मूल्य पर अच्छे भाव मिल रहे हैं।

वहीं किसानों ने कहा कि सरसों के समर्थन मूल्य प्रभाव 6200 रुपये प्रति क्विंटल है वहीं बाजारों में सरसों 6500 रुपये तक खरीद की जा रही है इसलिए समर्थन मूल्य पर की फसल को नहीं बेच रहे हैं। किसानों ने बताया कि वह आराम से आकर अपनी चने की फसल को यहां पर बेच रहे हैं और ठेकेदार द्वारा तुरंत फसल की खरीद की जा रही है।

# शिक्षा-तकनीक संगम : कॉलेज फॉर श्योर समिट में वैश्विक करियर मार्गदर्शन

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** श्योरपाथ एडटेक द्वारा जयपुर मैरियट होटल में आयोजित कॉलेज फॉर श्योर समिट 2026 सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जिसमें 30 से अधिक राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों ने भाग लिया। समिट में छात्रों को इंजीनियरिंग, लॉए मैनेजमेंट, डिजाइन सहित विभिन्न पाठ्यक्रमों, प्रवेश प्रक्रिया, छात्रवृत्ति और करियर अवसरों की जानकारी दी गई। यूनिवर्सिटी ऑफ सैन डिएगो सहित विदेशी संस्थानों ने ग्लोबल शिक्षा, स्कॉलरशिप, वीजा प्रक्रिया और अंतरराष्ट्रीय करियर विकल्पों पर मार्गदर्शन दिया। वहीं आईआईएम उदयपुर ने नया प्रोग्राम लॉन्च कर इसकी विशेषताओं और करियर संभावनाओं से अवगत कराया। समिट में एआई आधारित निःशुल्क करियर काउंसलिंग टूल क्लेरियो भी लॉन्च किया गया, जो कक्षा 10,12 और स्नातक छात्रों के लिए उपयोगी रहेगा। सिम्बायोसिस स्किल यूनिवर्सिटी के डॉ. कॉलिन रोज ने तकनीक आधारित काउंसलिंग की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। रीडिफाइनिंग एजुकेशन टेक्नोलॉजी विषय पर आयोजित पैनल चर्चा में एआईए डिजिटल लर्निंग और भविष्य की स्किल्स पर विशेषज्ञों ने विचार साझा किए। समिट में काउंसलिंग सत्रों के साथ क्विज और इंटरैक्टिव गतिविधियों ने छात्रों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की।

## बेजुबान पक्षियों के लिए लगाए परिंडे



निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** श्री मुनिसुव्रतनाथ फाउंडेशन जीव दया समिति की ओर से महल योजना बी-ब्लॉक के पार्क में बेजुबान पक्षियों को भीषण गर्मी से राहत एवं जीवन दान देने के लिए पार्कों व घरों में परिंडे लगाए गए । समिति की अध्यक्ष मैना गंगवाल ने बताया कि समिति के सदस्यों ने परिंडो में रोजाना पानी भरने एवं साफसफाई करने एवं परिण्डों के रखरखाव की जिम्मेदारी ली। कार्यक्रम में मुकेश सांघी, अंकिता, वैभव स्वाति, डॉ. ऋतु, नवीन जैन, नीतू, प्रवीण जैन, श्वेता, प्रियंका, पायल पिकल, नेहा जैन आदि सदस्य उपस्थित रहे। समन्वयक अभिषेक सांघी ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन अंकित मित्रपुरा एवं तोषी जैन किया।

## अवैध धारदार कटार के साथ शातिर बदमाश गिरफ्तार

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** राजधानी की सिंधी कैंप थाना पुलिस ने अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एक शातिर बदमाश को दबोचा है, जिसके कब्जे से एक अवैध धारदार कटार बरामद की गई है। पुलिस उपायुक्त पश्चिम प्रशांत किरण ने बताया कि शहर में अवैध हथियारों की रोकथाम और अपराधियों की धरपकड़ के लिए सभी थानाधिकारियों को विशेष निर्देश दिए गए थे। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त राजेश कुमार गुप्ता और सहायक पुलिस आयुक्त सदर धर्मवीर सिंह के सुपरविजन में पुलिस टीम इलाके में गश्त कर रही थी। थानाधिकारी माधोसिंह के नेतृत्व में टीम ने सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए मोहसिन 23 को गिरफ्तार किया। आरोपी भट्टा बस्ती के शहीद इंदिरा ज्योति नगर का निवासी है। तलाशी के दौरान उसके पास से एक अवैध धारदार कटार मिली, जिसे पुलिस ने तुरंत जब्त कर लिया। पुलिस ने आरोपी मोहसिन के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। इस सफलता में थानाधिकारी माधोसिंह के साथ एएसआई सुरेश कुमार, कांस्टेबल सतवीर और श्रवण कुमार की मुख्य भूमिका रही। पुलिस अब आरोपी के आपराधिक रिकॉर्ड की जांच कर रही है और यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि वह यह हथियार किस उद्देश्य से लेकर घूम रहा था।

# गृहे-गृहे यज्ञ अभियान : बुद्ध पूर्णिमा पर 11 हजार घरों में एक ही समय होगा गायत्री हवन

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** समर्थ एवं शक्तिशाली राष्ट्र निर्माण की कामना के साथ अखिल विश्व गायत्री परिवार के आह्वान पर बुद्ध पूर्णिमा, एक मई को देशभर में गृहे-गृहे यज्ञ अभियान के अंतगर्त 24 लाख स्थानों पर हवन का आयोजन किया जाएगा। राजस्थान के एक लाख घरों में एक साथ गायत्री महायज्ञ संपन्न होगा। वहीं, जयपुर में 11 हजार घरों में एक ही समय गायत्री हवन होगा। इस संबंध में बुधवार को किरण पथ मानसरोवर स्थित श्री वेदमाता गायत्री वेदना निवारण केन्द्र पर बैठक का आयोजन किया गया। गायत्री परिवार राजस्थान के मुख्य ट्रस्टी ओप्रकाश अग्रवाल ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, राष्ट्र निर्माण तथा वैश्विक सुख-शांति की कामना के साथ जन-जागरण को बढ़ावा देना है। गायत्री परिवार से जुड़े शक्ति पीठ, चेतना केन्द्र, प्रज्ञा मंडल, युवा एवं महिला मंडल के कार्यकर्ता घर-घर पहुंचकर यज्ञ सामग्री किट का वितरण करने में जुट गए हैं। आचार्यगण सरल विधि-विधान के साथ हवन संपन्न कराने में सहयोग करेंगे। विशेष रूप से नए परिवारों को इस अभियान से जोडने पर जोर दिया जा रहा है। कार्यक्रम प्रातः 7:30 बजे आरंभ होगा। जबकि प्रतिभागियों से 7रू15 बजे तक जुडकर आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने का आग्रह किया गया है। आयोजन समिति ने सभी श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे कम से कम पांच नए परिवारों तक यज्ञ सामग्री एवं ऑनलाइन लिंक पहुंचाकर इस आध्यात्मिक अभियान को जन.जन तक पहुंचाने में सहयोग करें। यज्ञ के बाद तरु प्रसाद के रूप में पौधों का वितरण किया जाएगा, जिससे पर्यावरण संरक्षण का संदेश जन.जन तक पहुंचे। साथ ही लोगों को रक्तदान और अंगदान के लिए भी प्रेरित किया जाएगा।

बुद्ध पूर्णिमा होने से महात्मा बुद्ध की जीवनी पुस्तिका का निशुल्क वितरण किया जाएगा।

### डिजिटल माध्यम से अभियान बनेगा व्यापक

गायत्री परिवार जयपुर उप जोन समन्वयक सुशील कुमार शर्मा ने बताया कि अभियान को डिजिटल माध्यमों से भी व्यापक बनाया गया है। इच्छुक व्यक्ति यूट्यूब, सोशल मीडिया एवं मोबाइल एप के माध्यम से यज्ञ की विधि सीखकर अपने घर पर स्वयं भी हवन कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त मंदिरों, कॉलोनियों एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में भी सामूहिक यज्ञ आयोजन की तैयारियां चल रही हैं।

# अबोध पीड़िता के साथ गंभीर प्रकृति का लैगिंक अपराध करने के आरोपी को आजीवन कठोर कारवास

हर्ष सोनी

**झुंझुनू (नवयत्न)।** पोक्सो न्यायालय झुंझुनू के न्यायाधीश इसरार खोखर द्वारा दिये एक निर्णय में एक आठ वर्षिय अबोध पीड़िता के साथ गंभीर प्रकृति का लैंगिक अपराध कारित करने का आरोपी संत कुमार उर्फ पंकज सैनी निवासी वार्ड नम्बर 6 कुंआ खात्यावाली कस्बा उदयपुरवाटी हाल आबाद झाझड़ियों की ढ़ाणी तन बिरोल पुलिस थाना नवलगढ़ को आजीवन कठोर कारवास व 50 हजार रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया है। अर्थदण्ड अदा नहीं करने पर उसे तीन माह का अतिरिक्त कारावास और भुगतना होगा। इस सम्बन्ध में पीड़िता की माता ने 5 मई 2025 को पुलिस थाना नवलगढ़ पर उपस्थित होकर रिपोर्ट दी कि 4 मई 2025 को हम जयपुर से कथा सुनकर रात्री को ट्रेन से करीब साढ़े 11 बजे नवलगढ़ आये थे वहां आरोपी मोटरसाईकिल लिये खड़ा था क्योंकि उस समय कोई साधन नहीं मिला था। आरोपी ने कहा कि वह उन्हें घर छोड़ देगा तो वह तीन नाबालिग बच्चों के साथ मोटरसाईकिल पर बैठ गयी। रास्ते में आरोपी ने कहा कि उसकी मोटरसाईकिल का पेट्रोल खत्म हो गया। आप लोग उतर जाओ तो वह मोटरसाईकिल से उतर गये किन्तु पीड़िता मोटरसाईकिल पर आगे बैठी थी जिसे वह लेकर तेल डलवाने के बहाने ले गया तथा काफी देर से नहीं आया व फिर उसे बाद में रास्ते पर छोड़कर चला गया। पीड़िता जैसे-तैसे घर ढूढ़ती हुयी घर पहुँची।

पुलिस ने इस रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर बाद अनुसंधान आरोपी संत कुमार उर्फ पंकज सैनी के विरूद्ध सम्बन्धित न्यायालय में चालान पेश कर दिया। राज्य सरकार की तरफ से पैरवी कर रहे विशिष्ट लोक अभियोजक सुरेन्द्र सिंह भाम्बू ने इस मामले में कुल 27 गवाहान के बयान न्यायालय में करवाए व 104 दस्तावेज प्रदर्शित करवाते हुये न्यायालय में तर्क दिया कि मामला अत्यन्त गंभीर प्रकृति का है। इसलिये आरोपी को सख्त से सख्त सजा दी जाये।

न्यायाधीश ने पत्रावली पर आई साक्ष्य का बारिकी से विशलेषण करते हुये आरोपी को उक्त सजा के साथ-साथ अन्य दो धाराओ में भी और उम्र कैद तथा जुर्माना सहित अन्य और विभिन्न धाराओ में भी और सजा देते हुये सभी मूल सजाये साथ-साथ भुगतने का आदेश दिया।

## प्रधानाचार्य शहीद विनोद कुमार राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, पातुसरी, झुंझुनूं

क्रमांक:- राउमावि/पातुसरी/झुंझुनूं/2026/3232 दिनांक :-22.04.2026

**निलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय में आईसीटी लैब के नकारा/अक्रियाशील उपकरण जिसका पुस्तक मुल्य 157150/- रूपये है, की सार्वजनिक निलामी दिनांक 05.05.2026 को प्रातः 10:00 बजे गठित निलामी कमेटी के माध्यम से इस कार्यालय परिसर में की जावेगी। जिसमें इच्छुक ई-वेस्ट निस्तारण रजिस्टर्ड एवं जीएसटी होल्डर व्यक्ति/फर्म नियमानुसार अमानत राशि जमा करवाकर बोली में भाग ले सकते है। निलामी की शेष शर्ते कार्यालय समय में विद्यालय में देखी जा सकती है।

प्रधानाचार्य
शहीद विनोद कुमार
राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय
पातुसरी (झुंझुनू)

# सुप्रीम कोर्ट बोला-जांच में ममता का दखल लोकतंत्र को खतरा

## कोई सीएम ऐसा करेगा, सोचा नहीं था; ईडी जांच के दौरान फाइल लेकर चली गई थीं

नई दिल्ली।

आई-पीएसी रेड मामले में ईडी की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच के बीच सीएम ममता बनर्जी के दखल को गलत ठहराया। कहा- किसी भी राज्य का सीएम ऐसा करता है तो यह लोकतंत्र को खतरे में डालना है। जस्टिस कुमार ने कहा- यह राज्य और केंद्र के बीच का विवाद नहीं है। दरअसल इसी साल 8 जनवरी को ईडी की टीम ने आई-पीएसी हेड प्रतीक जैन के कोलकाता के गुलाउडन स्ट्रीट स्थित घर और दफ्तर पर छापा मारा था। प्रतीक जैन ही ममता बनर्जी के लिए पॉलिटिकल स्ट्रैटजी तैयार करते हैं। छापेमारी के बीच ममता प्रतीक के घर पहुंच गईं थीं और कुछ दस्तावेज लेकर चली गईं। ईडी ने ममता बनर्जी और राज्य पुलिस अधिकारियों पर जांच में बाधा डालने का आरोप लगाते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई।



### ममता की दलीलें

ममता की ओर से अभिषेक मनु सिंघवी ने दलील रखी। उन्होंने कहा- ईडी को जांच करने का कोई मौलिक अधिकार नहीं है। यह सिर्फ उनका काम है, अधिकार नहीं।

ईडी का अधिकारी जब काम कर रहा है, तो वह सिर्फ सरकारी कर्मचारी है। वह अपने विभाग से अलग किसी अधिकार का दावा नहीं कर सकता। ईडी ने कहा कि उनके अधिकारों का उल्लंघन हुआ। ऐसा नहीं है, क्योंकि अधिकारी सिर्फ ड्यूटी निभा रहा है, मौलिक अधिकार का सवाल ही नहीं उठता। ईडी खुद एक ताकतवर एजेंसी है वह खुद को जनता का रक्षक बताकर कोर्ट में नहीं आ सकती।

## सार्वजनिक सूचना / PUBLIC NOTICE

(अधिवक्ता के माध्यम से)

मेरे मुवक्किल **श्री ओमनारायण जांगिड़**, पुत्र स्वर्गीय श्री दुर्गा प्रसाद जांगिड़, निवासी - जोशी कॉलोनी, नीमकाथाना, जिला सीकर (राजस्थान) की ओर से सर्वसाधारण, वित्तीय संस्थानों एवं अन्य सभी हितधारकों को निम्नानुसार सूचित एवं सतर्क किया जाता है:

1. कि "**शिव आइस फैक्ट्री**", भूखण्ड संख्या: **H1-55, RIICO औद्योगिक क्षेत्र, नीमकाथाना,** जिला सीकर (राजस्थान), पूर्व में एक साझेदारी फर्म के रूप में संचालित थी, जिसमें श्री ओमनारायण जांगिड़ एवं श्री महावीर प्रसाद शर्मा की 50%-50% हिस्सेदारी थी।
2. कि दिनांक **31 मार्च 2020** को विधिवत निष्पादित 'भागीदारी विघटन विलेख (Partnership Dissolution Deed)' के अनुसार श्री महावीर प्रसाद शर्मा ने अपनी संपूर्ण 50% हिस्सेदारी, प्रतिफल राशि बैंकिंग माध्यम से प्राप्त कर, मेरे मुवक्किल के पक्ष में अंतिम रूप से हस्तांतरित कर दी है।
3. कि दिनांक **01 अप्रैल 2020 से उक्त संपत्ति, व्यवसाय एवं संबंधित चल-अचल परिसंपत्तियों पर भौतिक कब्जा, संचालन एवं नियंत्रण मेरे मुवक्किल का ही है।**
4. कि पूर्व भागीदार श्री महावीर प्रसाद शर्मा, जिनका उक्त संपत्ति/फर्म में कोई वैध दावा शेष नहीं है, उक्त संपत्ति/फर्म के संबंध में तृतीय पक्षों के साथ भ्रामक अथवा अनधिकृत लेनदेन का प्रयास कर रहे हैं।

**अतः यह सार्वजनिक सूचना/चेतावनी दी जाती है कि:**

यदि कोई व्यक्ति/संस्था श्री महावीर प्रसाद शर्मा के साथ उक्त संपत्ति/फर्म के संबंध में किसी भी प्रकार का लेन-देन करता है, तो ऐसा लेन-देन संबंधित व्यक्ति/संस्था के स्वयं के जोखिम एवं उत्तरदायित्व पर होगा तथा मेरे मुवक्किल उसके लिए उत्तरदायी नहीं होंगे।

यदि किसी व्यक्ति/संस्था को उक्त संपत्ति के संबंध में कोई वैध दावा/आपत्ति हो, तो वह इस प्रकाशन की तिथि से **15 (पन्द्रह) दिवस** के भीतर अधोहस्ताक्षरी के पते पर लिखित रूप में, पर्याप्त दस्तावेजों सहित प्रस्तुत करें ।

दिनांक: 22 अप्रैल 2026
स्थान: नीमकाथाना

**(सुनील कुमार जांगिड़)**
अधिवक्ता (बार काउंसिल एनरोलमेंट नं.: R/2665/2010)
पता: न्यायालय परिसर, नीमकाथाना, जिला सीकर (राज.)
मोबाइल नं.: 9828521018, 9414532763

## पूजा के बहाने बदमाश महिला से जेवर उतरवा कर हुआ फरार

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** राजधानी जयपुर में ठगी की एक वारदात सामने आई है, जहां एक शातिर ठग ने महिला को झांसे में लेकर उसके जेवर उतरवा लिए और फरार हो गया। मामला लाल कोठी थाना क्षेत्र के सांगानेरी गेट पार्किंग का है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है। एएसआई सूरजमल ने बताया अमृतपुरी घाटगेट निवासी 38 वर्षीय अर्चना देवी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह सांगानेरी गेट बस स्टैंड स्थित गुलाबी नगर ढाबा के पास खड़ी थी। इसी दौरान एक अज्ञात व्यक्ति उनके पास आया और पता पूछने के बहाने बातचीत शुरू की। इस दौरान आरोपी ने उसके हाथ में पत्थर और मिट्टी रखकर कहा कि उसके पति की तबीयत खराब है और उसके लिए विशेष पूजा करनी होगी। इसके बाद वह उसे बहला कर सड़क पार कर सांगानेरी गेट पार्किंग में ले गया। वहां पेड़ के नीचे बैठाकर आरोपी ने महिला को अपनी बातों में उलझाया और पूजा के नाम पर उसके सभी जेवर-मंगलसूत्र और कानों के टॉप्स उतरवा लिए। इसके बाद आरोपी जेवर लेकर मौके से फरार हो गया। एएसआई सूरजमल ने बताया कि पीड़िता की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। आसपास के क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और आरोपी की तलाश जारी है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि ऐसे अज्ञात व्यक्तियों के झांसे में न आएं और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

## भीषण गर्मी का असर : जयपुर में कक्षा 1 से 8 तक स्कूल समय बदला

### 27 अप्रैल से सुबह 7:30 से 12 बजे तक कक्षाएं

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** राजधानी जयपुर सहित प्रदेशभर में बढ़ती भीषण गर्मी को देखते हुए जिला प्रशासन ने नौनिहालों को राहत देने के लिए बड़ा निर्णय लिया है। जयपुर जिला कलेक्टर संदेश नायक ने बुधवार को आदेश जारी कर कक्षा प्री-प्राइमरी से आठवीं तक के विद्यार्थियों के स्कूल समय में बदलाव किया है। जारी आदेश के अनुसार 27 अप्रैल से सत्रांत तक कक्षा प्री-प्राइमरी से आठवीं तक के बच्चों की कक्षाएं सुबह 7:30 बजे से दोपहर 12 बजे तक संचालित होंगी। यह आदेश राजकीय और गैर-राजकीय प्राइवेट दोनों स्कूलों पर समान रूप से लागू होगा। वहीं कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के स्कूल समय में कोई बदलाव नहीं किया गया है। जयपुर जिला कलेक्टर संदेश नायक के अनुसार प्रदेश में तापमान लगातार बढ़ रहा है और कई शहरों में पारा 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच चुका है। मौसम विभाग की ओर से लू चलने का अलर्ट भी जारी किया गया है। ऐसे में दोपहर के समय स्कूल आने-जाने में बच्चों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था, साथ ही कक्षाओं में पढ़ाई भी प्रभावित हो रही थी। इसी स्थिति को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने स्कूल समय में संशोधन का निर्णय लिया है, ताकि बच्चों को तेज गर्मी से राहत मिल सके। कलेक्टर ने यह आदेश आपदा प्रबंधन अधिनियम-2005 के तहत जारी किया है। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि यदि कोई स्कूल इस निर्देश की अवहेलना करता है तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। यह आदेश जिले के सभी सरकारी और निजी स्कूलों पर लागू होगा। हालांकि स्कूल स्टाफ और संचालित अन्य परीक्षाओं के समय में कोई रिवर्तन नहीं किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी के प्रस्ताव पर यह निर्णय लिया गया है। प्रशासन ने स्कूल संचालकों से आदेश की पालना सुनिश्चित करने और विद्यार्थियों के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने की अपील की है।

## एआई से बना रहे थे न्यूज चैनल का फर्जी वीडियो : पुलिस ने गिरोह का पर्दाफाश

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** तकनीकी के दुरुपयोग से समाज में भ्रम फैलाने वालों के खिलाफ जयपुर साइबर पुलिस ने बड़ी सर्जिकल स्ट्राइक की है। पुलिस ने न्यूज चैनल के लोगो और एंकर की आवाज का इस्तेमाल कर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एआई आधारित फर्जी वीडियो बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए चार मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने बताया कि 18 अप्रैल को परिवादी सत्यनारायण शर्मा ने मामला दर्ज कराया था कि फेसबुक पर एक एआई जनित रील वायरल की जा रही थी, जिसमें न्यूज चैनल के स्टूडियो बैकग्राउंड और एंकर की आवाज को एडिट कर भ्रामक जानकारी परोसी गई थी। लोग इसे सच मानकर धड़ल्ले से शेयर कर रहे थे। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए बीएनएस और आईटी एक्ट की विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर डॉ. अजय सिंह और पुलिस उपायुक्त दक्षिण राजर्षि राज के सुपरविजन में गठित विशेष टीम ने तकनीकी विश्लेषण के आधार पर फर्जी वीडियो के मूल स्रोत की पहचान की। पुलिस ने दबिश देकर इस साजिश में शामिल चार मुख्य किरदार बिलाल खान 27 निवासी भोपाल मध्य प्रदेश, इनाम अहमद 29 निवासी भोपाल मध्य प्रदेश, निखिल प्रजापत 22 निवासी भोपाल मध्य प्रदेश और अमृता धुमाल 37 निवासी पंजाब को गिरफ्तार किया है। जांच में सामने आया कि आरोपियों ने हाई-टेक एआई टूल्स का उपयोग कर न्यूज क्लिप्स को एडिट किया। उन्होंने एंकर की आवाज को क्लोन किया और सुनियोजित तरीके से इसे सोशल मीडिया पर वायरल कराया। पुलिस की तकनीकी टीम अब यह पता लगा रही है कि इस वीडियो को बनाने के पीछे उनका मुख्य उद्देश्य क्या था और क्या इसमें कोई बड़ा वित्तीय हित जुड़ा था। इस त्वरित कार्रवाई में साइबर एक्सपर्ट्स और पुलिस अधिकारियों की टीम शामिल रही, जिसमें थानाधिकारी और तकनीकी सहायकों ने एआई जनित वीडियो के डिजिटल फुटप्रिंट्स का पीछा कर आरोपियों को दबोचने में सफलता हासिल की।

## होर्मुज से भारत आ रहे जहाज को ईरान ने रोका

तेहरान/वॉशिंगटन डीसी।

ईरान की इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गार्ड ने होर्मुज स्ट्रेट में भारत आ रहे एक जहाज को रोककर कब्जे में ले लिया है। ईरान ने आरोप लगाया है कि जहाज बिना इजाजत होर्मुज से गुजरने की कोशिश कर रहा था।

लाइबेरिया के फ्लैग वाला एपामिनोडेस नाम का यह कंटेनर शिप गुजरात के मुंद्रा पोर्ट की ओर जा रहा था। ईरानी नौसेना के मुताबिक जहाज के नेविगेशन सिस्टम में छेड़छाड़ की गई थी, जिससे समुद्री सुरक्षा को खतरा पैदा हुआ।

कार्रवाई के दौरान आईआरजीसी ने जहाज को रोककर अपने कब्जे में लिया और उसे तट की ओर ले गई। इसके अलावा इजराइल से जुड़े फ्रांसेस्का नाम के दूसरे जहाज को भी कब्जे में लिया गया है। इसके अलावा यूफोरिया नाम के जहाज पर हमला भी किया गया है। इससे पहले खबरें आई थीं कि एक जहाज पर ईरान के पास फायरिंग हुई, जबकि दूसरा ओमान के तट के पास हमले में क्षतिग्रस्त हुआ था।

# सगत सिंह मूर्ति अनावरण कार्यक्रम में सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं की भागीदारी

निसं



**राजलदेसर (नवयत्न)।** चूरू जिला मुख्यालय स्थित स्टेडियम में वीर सैन्य अधिकारी सगत सिंह की मूर्ति का भव्य अनावरण समारोह आयोजित किया गया। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में रतनगढ़ विधानसभा क्षेत्र से सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता और नेता बड़ी संख्या में पहुंचे। मूर्ति का अनावरण लोकसभा स्पीकर ओम बिरला, सिक्किम के राज्यपाल ओमप्रकाश माथुर, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, केंद्रीय कृषि मंत्री भागीरथ चौधरी, भाजपा के वरिष्ठ नेता राजेंद्र सिंह राठौड़, चूरू विधायक हरलाल सारण एवं भाजपा जिला अध्यक्ष बसंत शर्मा के द्वारा किया गया कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष भागीरथ सिंह राठौड़, युवा नेता पवन सिंह कुसुमदेसर, पूर्व जिला प्रवक्ता गिरधारी सिंह राठौड़, पर्वत सिंह, महेंद्र सिंह, पूर्व नगर अध्यक्ष अरविंद इंदौरिया, सोशल मीडिया जिला प्रभारी अभय सोनी, पूर्व नगर महामंत्री मदन दाधीच सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने सहभागिता निभाई। भाजपा नेताओं ने बताया कि वरिष्ठ नेता राजेंद्र सिंह राठौड़ के जन्मदिवस को शशौर्य दिवस के रूप में मनाते हुए यह आयोजन विशेष महत्व रखता है। चूरू में जनरल सगत सिंह की प्रतिमा स्थापित होना क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है, जो आने वाली पीढ़ियों को देशभक्ति और साहस की प्रेरणा देगा। नेताओं ने जानकारी दी कि रतनगढ़ क्षेत्र से 100 से अधिक बसों एवं सैकड़ों छोटे वाहनों के माध्यम से कार्यकर्ता चूरू पहुंचे और इस ऐतिहासिक आयोजन में अपनी भागीदारी दर्ज कराई। कार्यक्रम के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा अल्पाहार, ठंडे पानी एवं छाछ की व्यवस्था भी की गई। इस अवसर पर भागीरथ सिंह राठौड़ ने भीषण गर्मी के बावजूद बड़ी संख्या में पहुंचे कार्यकर्ताओं एवं आमजन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जनसमूह राष्ट्रभक्ति और संगठन की मजबूती का प्रतीक है।

## बड़ी संख्या में कार्यकर्ता गए चूरू

निसं

सुजानगढ़ (नवयत्न)। चूरू में आयोजित लेफ्टिनेंट जनरल सगतसिंह के मूर्ति अनावरण समारोह और पूर्व विधानसभा नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़ के जन्मदिवस के कार्यक्रम में भाग लेने के लिए सुजानगढ़ से बडी संख्या में कार्यकर्ता बसों से रवाना हुए। स्थानीय शास्त्री प्याउ के पास से भाजपा एससी मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता बाबूलाल कुलदीप के नेतृत्व में अनेक बसों में भरकर कार्यकर्ता चूरू के लिए रवाना हुए। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने नरेंद्र मोदी जिन्दाबाद, राजेंद्र राठौड़, बाबूलाल कुलदीप जिन्दाबाद के नारे भी लगाए। वहीं भाजपा नेता पुरूषोतम शर्मा, सम्पत पथानिया, वीरेंद्र गहलोत, रणवीर सिंह राणा सहित अनेक भाजपा नेता व कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में लोग चूरू के लिए रवाना हुए।

## परिण्डा अभियान का श्रीगणेश



निसं

**श्रीमाधोपुर (नवयत्न)।** हिन्दू संगठन ब्लॉक अध्यक्ष रामावतार गुर्जर एवं टीम हीरो गुर्जर के नेतृत्व में साँवलपुरा तंवरान स्थित अविनाशी धाम से 5 दिवसीय परिंडा अभियान की शुभ शुरुआत की गई। भीषण गर्मी को देखते हुए पक्षियों एवं वन्य जीवों के लिए पानी की व्यवस्था करने हेतु यह अभियान चलाया जा रहा है। इस अवसर पर रामावतार गुर्जर ने कहा कि पक्षियों और जीवों की सेवा करना सबसे बड़ा धर्म है। सेवा कभी छोटी या बड़ी नहीं होती बल्कि छोटी शुरुआत भी समाज में बड़ा संदेश देती है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे नशे की प्रवृत्ति की ओर ना बढ़कर सेवा कार्यों से जुड़ें और समाज के लिए प्रेरणा बनें। उन्होंने बताया कि यह पाँच दिवसीय परिंडा अभियान केवल गांवों और बस्तियों तक सीमित नहीं रहेगा बल्कि जंगलों तक भी चलाया जाएगा, जहां सामान्यत: लोग नहीं पहुँच पाते। वहां लगाए गए परिंडों में प्रतिदिन पानी भी पहुँचाया जाएगा ताकि भीषण गर्मी में पक्षियों और जीवों को राहत मिल सके। सभी ने इस पुनीत कार्य में सहयोग का संकल्प लिया।

## जेईई मेन रिजल्ट में श्री चैतन्य अकादमी का जलवा

### राजस्थान के अर्जुन मीणा ने एआईआर-5 से बढ़ाया मान



निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी एनटीए द्वारा घोषित जेईई मेन 2026 के अंतिम परिणाम में श्री चैतन्य अकादमी के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी श्रेष्ठता साबित की है। संस्थान के छात्रों ने ऑल इंडिया रैंक एआईआर में शीर्ष स्थान हासिल कर प्रदेश और अकादमी का नाम रोशन किया है। अकादमी के छात्र चंद्रेश्वर और पासाला मोहित ने 300 में से 300 अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से एआईआर-1 हासिल की। वहीं राजस्थान के छात्र अर्जुन मीणा ने अपनी श्रेणी में एआईआर.5 प्राप्त कर राज्य का गौरव बढ़ाया।

### टॉप रैंकों में अकादमी का दबदबा

संस्थान के नेशनल हेड अंगिजीतु सर ने बताया कि इस वर्ष भी छात्रों ने राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन किया है। यदि सभी कैटेगरी रैंक को मिलाकर देखा जाए तो टॉप 100 में 95 और टॉप 1000 में 640 रैंक श्री चैतन्य अकादमी के छात्रों के नाम रही हैं।

### मजबूत शैक्षणिक प्रणाली का परिणाम

अकादमी के जीएम नागेश्वर सर ने कहा कि संस्थान का उद्देश्य हमेशा छात्रों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करना रहा है। उन्होंने इस सफलता का श्रेय अनुभवी फैकल्टी, मजबूत शैक्षणिक प्रणाली और विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत को दिया। राजस्थान के स्टेट हेड डॉ. आर.एल. पुनिया ने बताया कि पिछले चार वर्षों से संस्थान के छात्र लगातार 300/300 अंक प्राप्त कर रहे हैं, जो समर्पित टीम और 41 वर्षों की शैक्षणिक विरासत का परिणाम है। उन्होंने कहा कि लगातार दूसरे वर्ष राजस्थान में टॉप-10 में स्थान बनाना बड़ी उपलब्धि है। अर्जुन मीणा की एआईआर-5 रैंक इस बात का उदाहरण है कि सही मार्गदर्शन और मेहनत से उत्कृष्ट परिणाम संभव हैं।

### सफलता का मनाया जश्न

संस्थान द्वारा इस उपलब्धि का जश्न छात्रों और उनके अभिभावकों के साथ मनाया गया। इस अवसर पर छात्रों को सम्मानित भी किया गया।

### परीक्षा और कट-ऑफ विवरण

गौरतलब है कि जेईई मेन 2026 परीक्षा दो सत्रों में आयोजित की गई थी। पहले सत्र जनवरी में 13,55,293 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया, जिनमें से 13,04,653 परीक्षा में शामिल हुए। दूसरे सत्र में 11,10,904 छात्रों ने पंजीकरण किया, जिनमें से 10,34,330 परीक्षा में उपस्थित रहे। कुल मिलाकर 16,04,854 यूनिक अभ्यर्थियों ने पंजीकरण किया, जिनमें से 15,38,468 परीक्षा में शामिल हुए। इस वर्ष सामान्य वर्ग के लिए कट-ऑफ 93.4123 पर्सेंटाइल, ओबीसी के लिए 80.232, ईडब्ल्यूएस के लिए 63.9172 तथा एससी वर्ग के लिए 52,0174 पर्सेंटाइल निर्धारित किया गया है। इन अंकों से अधिक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी जेईई एडवांस्ड के लिए क्वालीफाई हुए हैं, जिसका आयोजन 17 मई को किया जाएगा।

## गुप्त वृन्दावन धाम पाटोत्सव में मोगरे के फूलों से सजा दिव्य रथ



निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** राजधानी जयपुर में गुप्त वृन्दावन धाम के 14वें पाटोत्सव के तहत भक्ति और उल्लास का अद्भुत माहौल देखने को मिल रहा है। पाटोत्सव के तीसरे दिन भगवान श्रीकृष्ण और बलराम भक्तों को आशीर्वाद देने के लिए भव्य रथ यात्रा पर निकले, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए भगवान के दिव्य रथ को सफेद मोगरे के फुलों से विशेष रूप से सजाया गया, जिससे वातावरण सुगंधित और भक्तिमय हो उठा। रथ पर सवार श्रीकृष्ण-बलराम के दर्शन के लिए मार्ग भर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। रथयात्रा की शुरुआत जगतपुरा फ्लाईओवर स्थित हरे कृष्ण मार्ग से हुई, जो खाटू श्याम सर्किल, राधा रानी सर्किल और अक्षय पात्र चौराहे से होते हुए जीवन रेखा हॉस्पिटल मार्ग से पुन: मंदिर परिसर पहुंची। जहां महाआरती के साथ यात्रा का समापन हुआ। रथयात्रा के शुभारंभ से पूर्व स्वर्ण झाड़ू से मार्ग का शुद्धिकरण किया गया, जो परंपरा और श्रद्धा का प्रतीक माना जाता है। इस दौरान भक्तों ने रथ खींचकर अपनी आस्था प्रकट की। मंदिर अध्यक्ष अमितासना दास ने रथयात्रा की महत्ता बताते हुए कहा कि जो श्रद्धालु भगवान के रथ का दर्शन करते हैं और उसे खींचते हैं, उन्हें विशेष आध्यात्मिक पुण्य की प्राप्ति होती है। पूरे आयोजन के दौरान भजन-कीर्तन और जयकारों से वातावरण गुंजायमान रहा, वहीं भक्तों ने भगवान श्रीकृष्ण-बलराम के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

## बार काउंसिल ऑफ राजस्थान निर्वाचन के लिए मतदान संपन्न



निसं

**श्रीमाधोपुर (नवयत्न)।** बार काउंसिल ऑफ राजस्थान की कार्यकारिणी गठन के लिए 23 सदस्यों के लिए संपूर्ण राजस्थान के साथ-साथ बार एसोसिएशन श्रीमाधोपुर में भी बुधवार को मतदान हुआ। बार अध्यक्ष श्रवण यादव एवं महासचिव धर्मेंद्र सिंह सामोता ने बताया कि इस निर्वाचन के लिए बार एसोसिएशन श्रीमाधोपुर में कुल पंजीकृत मतदाता 271 थे जिनमें से 234 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न करवाने हेतु सहायक पीठासीन अधिकारी रामप्रताप सिंह धीवाएडवोकेट के साथ 6-7 कार्मिकों द्वारा सहभागिता की गई व चुनाव शांतिपूर्वक सम्पन्न हुए। इसके बाद मतदान पेटियों को शील्डमोहर कर केन्द्रीय चुनाव समिति के निर्देशानुसार काउन्टिंग हेतु भिजवाई गई।

## साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित

बाबूलाल शर्मा



**झुंझुनू (नवयत्न)।** कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को जिला कलेक्टर डॉ अरुण गर्ग की अध्यक्षता में आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में विभिन्न विभागों की प्रगति एवं जनकल्याणकारी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में संपर्क पोर्टल, फ्लैगशिप योजनाएं, पेयजल आपूर्ति, विद्युत व्यवस्था, चिकित्सा एवं शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों की गहन समीक्षा की गई। बैठक के दौरान जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आमजन से जुड़ी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए संपर्क पोर्टल की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि पोर्टल पर दर्ज शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण प्राथमिकता से किया जाए। गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर ने जलदाय विभाग के अधिकारियों को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पेयजल आपूर्ति सुचारू, नियमित एवं पर्याप्त मात्रा में सुनिश्चित की जाए तथा जिन क्षेत्रों में जल संकट की संभावना है, वहां पूर्व तैयारी कर वैकल्पिक व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित की जाएं। विद्युत विभाग की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्बाध बिजली आपूर्ति पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि गर्मी के दौरान बिजली की मांग बढ़ने के कारण किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और ट्रिपिंग या फॉल्ट की स्थिति में त्वरित समाधान किया जाए। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में कलेक्टर ने एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान को गति देने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को अन्य विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने को कहा ताकि अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों को इसका लाभ मिल सके। बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी कैलाश चंद्र यादव सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# माताजी की पुण्य स्मृति पर श्मशान घाट परिसर में दो कमरों का किया अनावरण

निसं



**सूरजगढ़ (नवयत्न)।** भामाशाह आर आर बाकोलिया निवासी सूरजगढ़ हाल आबाद हिमाचल प्रदेश ने अपनी माताजी मनभरी देवी गणपत राम बाकोलिया की पुण्य स्मृति में श्मशान घाट परिसर में आर्थिक सहयोग से बनाए गए दो कमरों का अपनी माताजी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर अनावरण किया इसके अलावा छात्राओं के लिए बन रही अत्याधुनिक डिजिटल लाइब्रेरी हेतु एक लाख बारह हजार रुपए नकदी सहित दो बैंच, दो सीसीटीवी कैमरे, सीलिंग फैन व टेबल कुर्सियां भेंट की। आगंतुकों को एक क्विंटल तीस किग्रा देशी घी के लड्डुओं सहित पच्चीस किग्रा पेड़ों की मिठाई बांटी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भामाशाह आर.आर. बाकोलिया ने समाज को भविष्य में भी सहयोग करने की बात कही। सर्व समाज द्वारा किए गए सम्मान से अभिभूत और भावुक होकर सर्व समाज का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ जी.एल. मौर्य ने की एवं विशिष्ट अतिथि सीताराम कटारिया, फूलचंद सुनिया, समाजसेवी सलीम खान रहे। कार्यक्रम की संपूर्ण रूपरेखा एवं संचालन अध्यक्ष ओमप्रकाश सेवदा ने किया। इस मौके पर संरक्षक राधेश्याम चिरानिया राज किरण, विजयलक्ष्मी, गोदावरी, दिव्या भारती, विकास, ताराचंद बाकोलिया, विक्रम, कैलाश, विशाल, छोटेलाल गजराज, विजय बाकोलिया, महावीर बाकोलिया, नागरमल, कृष्ण कुमार गजराज, भागीरथ बाकोलिया, रामेश्वर लाल बाकोलिया, फूलचंद फुलवारिया, रामस्वरूप आसलवासिया, जगदीश लोरानिया, सेवक राम, प्रेमचंद मेहरा, बजरंग लाल, सोहनलाल, सज्जन कटारिया, कृष्ण कुमार, रतिराम मरोडिया सहित सैंकड़ो लोग मौजूद रहे।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम का विरोध करने पर फूंका राहुल गांधी का पुतला



सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर (नवयत्न)।** केंद्र सरकार द्वारा राष्ट्रहित के लिए संसद में पेश किए गए नारी शक्ति वंदन अधिनियम का विरोध करने पर छात्राओं ने बुधवार को कड़ा आक्रोश व्यक्त किया।

छात्राओं ने इस दौरान संसद में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के पुतला दहन कर विरोध दर्ज कराया। साथ ही आगामी चुनावों को ध्यान में रखते हुए घर.घर जाकर मातृशक्ति को जागरूक एवं सक्रिय रहने का आह्वान किया गया। छात्राओं ने कहा कि नारी सम्मान और सशक्तिकरण के विषय पर अब देश की बेटियाँ स्वयं आगे आकर अपनी आवाज बुलंद कर रही हैं। कार्यक्रम संयोजक सुमित जोशी ने बताया कि इस अवसर पर प्रियंका बाजिया, अनामिका, अनुष्का, शूरा, अनिता, नीता, मनीषा, भावना, प्रियंका, अदिति, भारती, सविता, कोमल, सुनीता, स्नेहा, खुश्सबू, नितिका, ज्योति, निशा आदि मौजूद रही।

## निराश्रित बच्चों के साथ भोजन कर मनाया राजेंद्र राठौड़ का जन्मदिन



निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** कद्दावर भाजपा नेता व विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़ के जन्मदिवस के उपलक्ष में मानव सेवा संस्थान पहुंचकर बीदासर की निवर्तमान प्रधान व भाजपा नेता संतोष मेघवाल ने निराश्रित व साधन विहीन बच्चों के साथ भोजन कर प्रेरणास्पद संदेश दिया। इस अवसर पर संतोष मेघवाल ने कहा कि यह मेरे लिए बहुत सौभाग्य की बात है कि ऐसा अवसर मुझे मिला है।

उन्होंने बच्चों को लगन के साथ पढ़ाई कर सफलता पाने का संदेश दिया। संस्थान समन्वयक माणकचंद सराफ ने पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

इस अवसर पर बुद्धि प्रकाश सोनी, निवर्तमान पार्षद मनोज पारीक, मुरारी खंडेलवाल, सौरभ पारीक, वासु भोजक, शिव भगवान चौहान, महावीर सैन, कपिल देव माटा, वार्डन उम्मेद सिंह एवं मंगलाराम उपस्थित रहे। इसी प्रकार वरिष्ठ नेता पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ के जन्मदिन के उपलक्ष में सुजानगढ़ विधानसभा रही प्रत्याशी संतोष मेघवाल के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने जनाना हॉस्पिटल में फल वितरण किया। गोपाल गौशाला में गायों को गुड़ व हरा चारा खिलाया। कार्यक्रम में महावीर सेन, दीनदयाल पारीक, मनोज पारीक, गणेश मंडावरिया, शर्मिला सोनी, रिछपाल बिजारणियां, रेवंत पंवार, पंकज घासोलिया, भंवरलाल बिजारणियां, सुमन सामरिया, गायत्री प्रजापत, सुरेंद्र सिंह, मुरारी गोवला, अमरचंद नाई, सीताराम माली, प्रेम स्वामी, गंगाधर लाखन, प्रेम सिंह पंवार, गिरधारीलाल बुगालिया, गोरधन तंवर, शिव भगवान चौहान, सुरेश शर्मा, महावीर सिंह परावा, दीपचंद सांडेला, किशनलाल कटारिया, जगदीश प्रजापत, सौरभ पारीक, विजय सिंह, हनुमान प्रसाद शर्मा, वाशु भोजक, शंकरलाल नाई आदि मौजूद रहे।

## अर्जुन लाल बने वीडिओ संघ के अध्यक्ष



निसं

**लाडनूं (नवयत्न)।** राजस्थान विडीओ संघ निर्वाचन अधिकारी राकेश मिर्धा के नेतृत्व में बुधवार को ग्राम पंचायत आसोटा में ग्राम विकास अधिकारी संघ जयपुर की उप शाखा लाडनूं की कार्यकारिणी के चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न हुए। इस अवसर पर ग्राम विकास अधिकारी अर्जुन लाल जाट को सर्वसम्मति से अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। राजकुमार अरोड़ा उपाध्यक्ष, प्रहलाद ठोलिया मंत्री, किशोरीलाल सैनी संयुक्त मंत्री, अभिषेक बहरिया मीडिया प्रभारी, सुधारानी महिला प्रतिनिधि, धर्मवीर सिंह को जिला प्रतिनिधि निर्वाचित किया गया वहीं रामावतार गोठवाल, रतनसिंह भाकर, राजेंद्र अग्रवाल को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। ग्राम विकास अधिकारियों की कार्यकारिणी निर्वाचन पर पंचायत समिति लाडनूं में सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों एवं सदस्यों का साफा व माला पहनाकर अभिनन्दन किया गया। इस अवसर पर रामाकिशन भाकर, उजीर सिंह, रामनिवास आदि मौजूद रहे।

# आश्रम प्यारो के संग मनाया पूर्व नेता प्रतिपक्ष राठौड़ का जन्मदिन

निसं



**तारानगर (नवयत्न)।** पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ के जन्मदिवस के शुभ अवसर पर मंगलवार शाम को तारानगर शहर में स्थित भाग्यश्री अनाथ आश्रम में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने आश्रम प्यारों को भोजन कराकर व केक काटकर राठौड़ का जन्मदिन मनाया व शुभकामनाएं प्रेषित की एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना की। इस अवसर पर भाजपा के नगर मण्डल अध्यक्ष एडवोकेट अनूप खण्डेलवालए विधानसभा प्रभारी अजीत सिंह राठौड़, जमरदीन तैली, हिरालाल सैनी, हरि इन्दोरिया, चिरंजीलाल शर्मा, माणकचन्द सैनी, रामावतार सैनी, साबीर हुसैन, मुस्ताक तैली, मुकेश शर्मा, राकेश टाक, मोहम्मद फारूक, दलीप इन्दोरिया, पुनित राहड, नदू पटीर, शाहरुख खान सहित भाजपा के बहुत कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बीमा क्लेम घोटाले को लेकर सीबीआई ने की पूछताछ

निसं



**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** बीमा क्लेम घोटाले के एक मामले में जोधपुर से आई सीबीआई की टीम ने मंगलवार को सुजानगढ़ के नया बास में एक मकान पर रेड कर आरोपी से पूछताछ की। शहर का प्रतीक चोटिया सीकर स्थित न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के डिविजनल ऑफिस सीकर में हुए बड़े बीमा क्लेम घोटाले का आरोपी है।

मामले को लेकर सीबीआई टीम ने प्रतीक चोटिया से पूरे दिन पूछताछ की। सीबीआई की टीम वहां मिले दस्तावेजों को सील कर अपने साथ ले गई। टीम ने उप अधीक्षक उमाकांत शर्मा के नेतृत्व में कार्रवाई की। जानकारी के अनुसार सीबीआई की एंटी करप्शन ब्रांच जयपुर को मिली शिकायत के आधार पर करीब 27.68 लाख रुपए की धोखाधड़ी का मामला दर्ज हुआ था। सीकर के अधिकारियों और कर्मचारियों ने आपसी मिलीभगत से 13 मोटर वाहन बीमा क्लेम नियमों के विपरीत पास किए जाने के आरोप लगे थे।

सीबीआई अब अब पूरे नेटवर्क में शामिल अन्य संदिग्धों की भूमिका की भी जांच कर रही है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर (राज.) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190